शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 189 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 04 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राम मंदिर निर्माण में आई तेजी, बढ़ाए गए 200 मजूदर

**अयोध्या**

**राम** मंदिर निर्माण की गति तेज करने की कवायद शुरू हो गई है। इसी क्रम में पर कोटा निर्माण की गति बढ़ा दी गई है। पर कोटा निर्माण के लिए 200 मजदूरों को और लगा दिया गया है। पर कोट का निर्माण कर अप्रैल 2025 का पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 750 मीटर लंबे व 14 फीट ऊंचे परकोटे में कुल आठ लाख क्यूबिक फीट पत्थर लगने हैं। अब तक करीब 4.25 लाख क्यूबिक फीट पत्थर ही लग पाए हैं। मौसम की प्रतिकूलता और मजदूरों की कमी के चलते पर कोटा निर्माण की गति धीमी हो गई थी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने भी निर्माण की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की थी। अब मजदूरों की संख्या बढ़ाकर काम की गति तेज कर दी गई है। परकोटा निर्माण का कार्य 50 फीसदी पूरा हो चुका है। सात फीट ऊंचाई तक पत्थर लग गए हैं। छह लाख क्यूबिक फीट पत्थर भी आ चुके हैं। पर कोटे मे बन रहे छह मंदिरों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। माता भगवती के मंदिर का निर्माण कार्य तेज हो गया है। वहीं राम मंदिर निर्माण के लिए मजदूरों की संख्या भी जल्द बढ़ाई जाएगी।

## 'श्री राम के अस्तित्व का कोई एतिहासिक प्रमाण नहीं'

**चेन्नई**

**तमिलनाडु** के मंत्री एसएस शिवशंकर ने भगवान राम के अस्तित्व को लेकर विवादित बयान दिया है। इसे लेकर सियासी हलकों में चचाएं होने लगीं हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता ने कहा, ह्यभगवान राम के अस्तित्व को साबित करने के लिए हमारे इतिहास में किसी भी तरह का प्रमाण मौजूद नहीं है ।ह्न अरियालुर में चोल वंश के राजा राजेन्द्र चोल के जन्मोत्सव के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं।

**एसएस शिवशंकर ने क्या कहा?**

समारोह के दौरान शिवशंकर ने कहा, ह्यहमें हमारे महान राजा राजेन्द्र चोल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाना चाहिए। राजेन्द्र चोल का अस्तित्व साबित करने के लिए यहां उनके द्वारा बनाए गए कुंए मौजूद हैं, जिन पर उनका नाम लिखा हुआ है। हमरा इतिहास में इस बात के सबूत हैं कि राजेन्द्र चोल का अस्तित्व था। लेकिन, भगवान राम के अस्तित्व को लेकर हमारे इतिहास में कोई मजबूत प्रमाण मौजूद नहीं है।

# लोग कोर्ट के मामलों से इतना त्रस्त हो जाते कि बस समझौता चाहते हैं: चंद्रचूड़

## 'प्रक्रिया ही सजा है, लोग मुकदमेबाजी से बाहर निकालना चाहते हैं'

### सीजेआई ने लोक अदालतों के महत्व पर दिया जोर

### कहा- लोग थकाऊ मुकदमेबाजी से निकलना चाहते



लोक अदालतों के माध्यम से न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को संस्थागत बनाने की आवश्यकता

29 जुलाई से दो अगस्त तक विशेष अदालतों का आयोजन किया गया

विशेष लोक अदालत में सुनवाई के लिए कुल 14,045 मामलों को चुना गया था

**नई दिल्ली**

**मुख्य** न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने विशेष लोक अदालत के स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित किया। उन्होंने लोक अदालतों के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया वादियों के लिए सजा बन जाती है। इस वजह से वह अक्सर अपने कानूनी अधिकारों से भी कम कीमत पर समझौता स्वीकार करने को तैयार हो जाते हैं। लोग थकाऊ मुकदमेबाजी को खत्म कर समझौते की तलाश करते हैं।

**लोग मुकदमेबाजी से बाहर निकलना चाहते**

सीजेआई ने विशेष लोक अदालत में निपटाए गए कई मामलों का हवाला भी दिया। उन्होंने एक मोटर दुर्घटना मामले का जिक्र किया और बताया कि दावेदार बढ़े हुए मुआवजे का हकदार होने के बावजूद कम मुआवजे पर मामला निपटाने को तैयार था। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि पक्षकार किसी भी प्रकार के समझौते को स्वीकार करने को तैयार होते हैं, क्योंकि वे इस मुकदमेबाजी से बाहर निकलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है।

**मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। भगवान कृष्ण ने महाभारत में कौरवों और पांडवों के बीच मध्यस्थता करने का प्रयास किया था।

**920 मामलों को हुआ निपटारा**

शीर्ष अदालत ने विशेष लोक अदालत सप्ताह के उपलक्ष्य में शनिवार को स्मरणोत्सव समारोह का आयोजन किया। 29 जुलाई से दो अगस्त तक विशेष अदालतों का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में सुनवाई के लिए कुल 14,045 मामलों को चुना गया था। वहीं लोक अदालत पीठों के समक्ष 4,883 मामले सूचीबद्ध किए गए थे। इनमें से 920 मामलों का निपटारा किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट कोटे में कोटा मंजूरी के फैसले का असर

### नए दलित नेताओं को जन्म देगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को अनुसूचित जाती के आरक्षण को छोटी-छोटी जाति समूहों में बांटने और एससी में क्रीमीलेयर की पहचान करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। बड़ा असर यह होगा कि राज्यों



में अनुसूचित जातियों के उपसमूहों का वोट हासिल करने के लिए पार्टियों को उनके नेता खड़े करने होंगे। नए दलित नेता और उनकी पार्टियां उभर कर सामने आएंगी। ओबीसी की राजनीति शुरू होने के बाद भी ऐसा ही ट्रेंड सामने आया था। यही वजह है कि दलित राजनीति में सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाली पार्टियों में हलचल पैदा हो गई है। पिछले 3 लोकसभा चुनावों में दलित वोट का झुकाव देखें तो भाजपा की हिस्सेदारी कांग्रेस के मुकाबले 14% ज्यादा है। मगर, 2019 के आम चुनाव के मुकाबले 2024 में कांग्रेस के वोटर्स में दलितों की हिस्सेदारी 4% बढ़ गई, जबकि भाजपा के वोटर्स में यह हिस्सेदारी 1% घट गई।

## राज्यपाल और सीएम ममता में बढ़ते विवाद के बीच 'सुप्रीम' फैसला



### बंगाल के 36 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति का दिया आदेश

**नई दिल्ली**

राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच बढ़ते विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बंगाल में सभी 36 राज्य-सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में केवल नियमित कुलपतियों की नियुक्ति की जाएगी।

कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्य के दो शीर्ष संवैधानिक पदाधिकारियों के बीच खींचतान को समाप्त करने के लिए शीर्ष अदालत ने आठ जुलाई को नियुक्तियों की निगरानी के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता में एक चयन समिति का गठन किया था। 29 जुलाई को पारित आदेश में शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि कुलपतियों की नियुक्ति के संबंध में कोई अंतरिम व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी 36 राज्य-सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों की नियुक्ति होगी। अदालत ने जस्टिस ललित की अध्यक्षता वाले पैनल को कुलपतियों के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची बनाने को लेकर व्यापक अधिकार दिए।

## अहमद शाह अब्दाली के वंशज हैं अमित शाह: भाजपा पावर जिहाद कर रही: उद्धव

### गृह मंत्री ने उन्हें औरंगजेब फैन क्लब का नेता कहा था

**मुंबई**

**उद्धव** ठाकरे ने शनिवार (3 अगस्त) को भारतीय जनता पार्टी पर 'पावर जिहाद' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहने के लिए राजनीतिक दलों में फूट डाल रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को खटमल बताया। इसके साथ ही उद्धव ने गृह मंत्री अमित शाह को अहमद शाह



अब्दाली का वंशज बताया। अब्दाली ने पानीपत के युद्ध में मराठाओं को हराया था। दरअसल 21 जुलाई को अमित शाह ने पुणे में ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का लीडर कहा था। उद्धव इसी तंज का जवाब दे रहे थे। 21 जुलाई, अमित शाहः उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए जीवनदान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो 26/11 के आतंकी हमले के दोषी कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव ठाकरे को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महा विकास अघाड़ी औरंगजेब फैन क्लब है। यह भारत की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता है। उद्धव ठाकरे इस फैन क्लब के लीडर हैं। यह फैन क्लब महाराष्ट्र और भारत को सुरक्षित नहीं रख सकता है।

## भारत का कृषि विकास लगातार दुनिया में सबसे अधिक: शिवराज सिंह चौहान

### केंद्रीय मंत्री ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन में भारत के कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति पर जोर दिया



**नई दिल्ली**

दिल्ली में 32वें अंतर्राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन (आईसीएई) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भारत के कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति पर जोर दिया। चौहान ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कृषि विकास लगातार दुनिया में सबसे अधिक रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए हैं, लेकिन भारत ने यह भी सुनिश्चित करने की चिंता की है कि उत्पादन मानव स्वास्थ्य और मिट्टी की भलाई के लिए सुरक्षित हो।'

**'आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के बारे में भी सोचना होगा'**

चौहान ने अत्यधिक रासायनिक उर्वरक के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री इस समय रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट को लेकर चिंतित हैं। इसलिए भारत अब प्राकृतिक खेती पर जोर दे रहा है। हमें भूख और कुपोषण को पूरी तरह से खत्म करना होगा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटना होगा और बढ़ते तापमान के कारण उत्पादन में गिरावट के गंभीर मुद्दे का समाधान करना होगा।

## जम्मू में आतंकियों के मददगार 6 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त



### इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल; पीओके और एलओसी से ड्रग्स-हथियार की सप्लाई करते थे

**नई दिल्ली**

**जम्मू-कश्मीर** प्रशासन ने 6 सरकारी कर्मचारियों को एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल होने के चलते बर्खास्त किया है। इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल है।

सभी ड्रग्स के व्यापार और टेरर फंडिंग कर रहे थे। एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया। बर्खास्त कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख, सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैफ दीन, खालिद हुसैन शाह, इरशाद अहमद चालकू, कांस्टेबल रहमत शाह और शिक्षक नजम दीन शामिल हैं।

**एलजी और इंटेलिजेंस एजेंसियों की नजर में थे**

अधिकारी ने बताया कि इन सभी पर एऊ और इंटेलिजेंस एजेंसियों की नजर थी। इनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसमें पुष्टि हुई थी ये सभी एंटी नेशनल गतिविधियों में शामिल हैं। कांस्टेबल सैफ दीन- ये डोडा जिले के शिगानी भल्लेसा का रहने वाला है। बहुत पहले से ड्रग्स की तस्करी कर रहा था। साथ ही प्रतिबंधित टेरर ग्रुप हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों के लिए ओवर ग्राउंड वर्कर भी था। अधिकारियों ने बताया कि दीन ने ही ड्रग चैनल स्थापित किए थे। इनका इस्तेमाल एंटी टेरर एजेंसियों और इनसे जुड़े लोग हथियारों और ड्रग्स की तस्करी करते थे। साथ ही जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ में मदद करते थे।


## मराठा आरक्षण को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे और शरद पवार की मुलाकात

**मुंबई**

**महाराष्ट्र** में शनिवार के दिन राज्य के दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से कहा गया कि शरद पवार ने सीएम शिंदे से वर्षा बंगले पर मुलाकात की और मराठा आरक्षण समेत कई अहम मुद्दों पर इस दौरान चर्चा की गई।

**दो मराठा नेताओं की मुलाकात को माना जा रहा अहम**

राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर चल राजनीतिक



ताने-बाने के बीच दो मराठा नेताओं की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार महा विकास अघाड़ी के एकमात्र नेता हैं जो महायुति के साथ, खासकर सीएम शिंदे के साथ बातचीत जारी रखते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में 23 के मुकाबले महाराष्ट्र में नौ सीटों पर सिमट गई। जिसका वोट शेयर 26.18 प्रतिशत रहा। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर न हो कोई चूक, खुफिया विभाग अलर्ट

**नई दिल्ली**

**15** अगस्त को लेकर एक दिल्ली में आज विशेष बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में एनएसजी, एसपीजी, आईबी, सेना और दिल्ली पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल थे। इस बैठक में वीवीआईपी की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, आतंकी हमले जैसी घटनाओं से निपटने के लिए पुलिसबल की तैयारियों पर चर्चा की गई।

**खुफिया विभाग से मांगी जा रही जानकारी**

बैठक में पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। इस मामले पर खुफिया विभाग उससे जुड़े सम्बंधित विभागों, सुरक्षा यूनिट्स, तमाम फोर्स से जानकारी मांगी गई है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है।

## कोचिंग संस्थान के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन जारी

### पढ़ाई के साथ शिफ्ट में कर रहे आंदोलन

**नई दिल्ली**

कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत को लेकर राजेंद्र नगर में सातवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। छात्रों का ये आंदोलन पहले के मुकाबले अब थोड़ा फीका पड़ गया है। शाम के समय जरूर छात्रों का जमावड़ा हो जाता है। लेकिन सुबह और दिन में चुनिंदा छात्र ही आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि, प्रदर्शन के बीच लोक सेवा की परीक्षा की तैयारी पर असर ना पड़े, इसके लिए छात्रों ने एक टीम बनाई है, जिसमें कुछ छात्र दिन में प्रदर्शन करेंगे और कुछ रात में। इस बीच, छात्रों की शिकायत है कि कई कोचिंग



संस्थान और लाइब्रेरी बंद होने से उनकी पढ़ाई पर असर पड़ा है और कुछ अन्य लाइब्रेरी इसका फायदा उठा रही हैं। कुछ लाइब्रेरी ने अपना किराया बढ़ा दिया है, कुछ ने दोगुना तक भी कर दिया है।

**लाइब्रेरी का किराया बढ़ने से छात्र नाराज**

छात्रों का कहना है कि लाइब्रेरी का किराया बढ़ाने की शिकायत एमसीडी में कर चुके हैं। दिल्ली पुलिस से भी शिकायत हुई है और ऐसी लाइब्रेरी की वे सूची तैयार कर रहे हैं, जो एमसीडी और दिल्ली पुलिस दोनों को दी जाएगी।

छात्रों का कहना है कि आंदोलन को जारी रखने के लिए 60 प्रदर्शनकारियों की टीम भी बनाई गई है। इनमें से 30 दिन में और 30 रात में घटनास्थल के आगे बैठकर प्रदर्शन करेंगे। कम से कम ये छात्र प्रदर्शन स्थल पर रहेंगे और इनके अलावा बाकी छात्र भी रोज धरना तब तक देंगे, जब तक उनकी मांगों पर सख्त कार्रवाई ना हो।

**छात्रों की मांग क्या है**

छात्रों की मांग है कि उन्हें लिखित आश्वासन दिया जाए। वहीं, राव स्टडी सेंटर में मारे गए तीन छात्रों के परिवारों को कम से कम एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जनसुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने लेखपाल को पीटा

वरासत में गलत नाम जानबूझकर दर्ज करने पर हुआ बवाल




अखंड भारत संदेश

**करछना।** शनिवार को तहसील करछना में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नाराज अधिवक्ताओं ने एक लेखपाल की जमकर पिटाई कर दी जिससे संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों में भगदड़ मच गई मार पीट के दौरान मौके पर पुलिस मौजूद रहीं लेकिन अधिवक्ताओं के आगे पुलिस विवशता वश मूकदर्शक बनी रही जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के बरदहा गांव के एक वरासत के मामले में कई बार फरियादी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर वरासत दर्ज करने के लिए शिकायत किया था लेकिन हल्का लेखपाल नायाब अहमद टाल-मटोल करता रहा और में नाम गलत वरासत दर्ज कर दिया तथा सही करने के नाम पर पैसे की मांग कर रहा था यही बात संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर अधिवक्ताओं ने लेखपाल को बुलाकर पूछा तो वह तैश में आ गया जिससे तहसील परिसर में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आक्रोशित अधिवक्ताओं ने लेखपाल के क्रियाकलाप से नाराज होकर तहसील परिसर में जमकर पीटा उस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस पर अफरातफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे हालांकि इसकी जानकारी एसडीएम को होने पर आरोपित लेखपाल के क्रियाकलाप की जांच करने का निर्देश दिए, वहीं घटना के बाद लेखपाल के साथ हुई मारपीट से नाराज लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल पर चले जाने निर्णय लिया है।

## संपर्ण समाधान दिवस कोरांव तहसील : एडीएम आपूर्ति ने सुनी समस्याएं

### 37 वीं बार सुखलाल विश्वकर्मा पहुंचे तहसील दिवस, न्याय की लगाई गुहार, एडीएम ने अतिरिक्त पुलिस इंस्पेक्टर कोरांव और राजस्व अधिकारी के साथ कार्यवाही का दिया आदेश



**कोरांव।** कोरांव तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी राजेश सिंह अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने शिकायतें सुनीं और त्वरित कार्यवाही का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। समाधान दिवस में एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह,तहसीलदार राजेश कुमार पाल,बीडीओ कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव,नायब तहसीलदार गण,अतिरिक्त पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह कोरांव,सहित कई विभाग के अधिकारी मजूद रहे। तहसील समाधान दिवस में अहम बिंदु यह देखने को मिल रही पिछली शिकायतों का समुचित निस्तारण न होने से बार बार वही शिकायतें आ रही है। क्यों कि निस्तारण फर्जी किए जा रहे हैं। इसी से फरि याद करने वाले बार बार पहुंचते हैं। चाहे थाना दिवस हो या तहसील दिवस हो या फिर आईजीआरएस शिकायतें हो सभी में जांच अधिकारी मनमानी निस्तारण आख्या अपलोड करा कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो लेते हैं। जो सासन की मंशा के विपरीत है। इसी प्रकार सुखलाल विश्वकर्मा पत्रकार खजुरी के पीएम आवास निर्माण को रोकने, दीवार नष्ट करने,रगदारी मांगने की शिकायत को एडीएम प्रयागराज ने संज्ञान में लिया,और अपने पूर्व पारित आदेशों पर कोई कार्यवाही न होने पर एसडीएम को पुलिस नायब तहसीलदार के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही का हुक्म दिया।

## फूलपुर के संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 345 शिकायती पत्र



**फूलपुर।** फूलपुर तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा द्वारा उक्त दिवस की अध्यक्षता की गई। एसडीएम तपन मिश्रा की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार धनंजय यादव ने फरियादियों को सुनकर उनके प्रार्थना पत्रों को अग्रसारित किया। एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह भी मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने फरियादियों के पुलिस संबंधी शिकायतों को सुना और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश अधीनस्थों को दिया। उक्त दिवस पर कुल 345 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसका निस्तारण शून्य रहा। मौके पर फूलपुर, बहरिया, मऊआइमा थानों के प्रतिनिधि आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, उपखंड अधिकारी विद्युत फूलपुर, सिकंदरा,झूसी तथा समस्त आर.आई खंड शिक्षा अधिकारी फूलपुर,जल निगम, शिक्षा विभाग आदि के प्रतिनिधि के साथ बीडीओ फूलपुर, बहरिया, बहादुरपुर आदि उपस्थित रहे।

## मेजा सम्पूर्ण समाधान दिवस में 215 शिकायतें मिली निस्तारण शून्य



**मेजा।** शनिवार को एसडीएम मेजा दशरथ कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 215 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग से 103, पुलिस से 52, विकास से 19, समाज कल्याण से 2, शिक्षा से एक, स्वास्थ्य से एक और अन्य से 37 प्रार्थना पत्र रहे सभी शिकायती पत्रों को बारी बारी से सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। इस मौके पर एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता, तहसीलदार प्रभात पाण्डेय, नायब तहसीलदार मेजा अश्वनी तिवारी, मांडा अनुग्रह नारायण पाण्डेय, लाल तारा राजेंद्र सिंह बीडीओ मेजा अमित मिश्रा, उरूवा धीरेश गुप्ता, सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### दो दिवसीय प्रशिक्षण में आशा, एएनएम के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया गया प्रशिक्षित



**मेजा।** विकास खंड मेजा के सभी ग्राम पंचायतों के आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समूह सखी और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आरबीएस महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। आयोजक मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड नोयडा ने आयोजन किया। जिला टेक्निकल हेड अभिषेक शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को मेजा में बनने फरियादी के माम वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और ग्राम पंचायत के सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य केंद्रों पर कनेक्शन के बारे में बताया। प्रशिक्षक डा. श्रुति शर्मा, विनीत शुक्ला, आकाश, प्रजीत पांडेय, दिलीप यादव, अनुज पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### बूढ़े नाथ शिव मंदिर पांडेयपुर के प्रांगण में लगा मेला



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बूढ़े नाथ शिव मंदिर पांडेयपुर के प्रांगण में मेला लगा। शिव भक्तों ने मंदिर में पूजा अर्चना जलाभिषेक करके मेले में खरीदारी किया। इस अवसर पर शिव भक्त राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक श्रीनाथ पांडेय, अध्यापक सुरेश पांडेय, बैकुंठ नाथ दुबे, अवकाश प्राप्त बैंक मैनेजर सुनील दुबे उर्फ मन्नू, रामचंद्र पांडेय, जगन्नाथ विश्वकर्मा, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, कृपाशंकर मिश्रा, प्रधान भानीपुर सौरभ पांडेय, विपिन मिश्रा, रमेश पांडेय, आयुष पांडेय, अमन शर्मा, गोरेलाल शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि राकेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कांवरियों ने चनेथू चंद्रमौलेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक



**जंघई।** सावन शिवरात्रि के अवसर पर कुंदौरा महादेव मंदिर एवं चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में चनेथू डीह के कांवरियों ने प्रयागराज से पदयात्रा करके जलाभिषेक किया। जलाभिषेक करने के लिए गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए कांवर लेने हेतु प्रयागराज गये। दशाश्वमेध घाट प्रयागराज पर गंगा स्नान पूजन अर्चन करने के बाद कांवर लेकर पद यात्रा शुरू किया और शिवरात्रि तेरस को भोलेनाथ का जलाभिषेक किया इस दौरान हर हर महादेव, बोल बम से चनेथू गांव गुंजायमान हो उठा। कांवरियों में नीतेश मिश्रा, अंकुश मिश्रा, राजू उपाध्याय, कमल उपाध्याय, आदर्श उपाध्याय, अवधेश तिवारी, लवकुश उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, अमित पाडेय आदि लोग शामिल रहे।

### हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ महादेव धाम राचनपुर बघेड़ी



**जंघई।** महादेव का पूजन अर्चन तो प्रतिदिन भक्तों द्वारा किया जाता है लेकिन इस समय सावन माह में पूरा देश शिव भक्ति में लीन है घरों एवं मंदिरों में शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना जलाभिषेक रुद्राभिषेक का क्रम अनवरत चल रहा है। इसी क्रम में महादेव धाम राचनपुर बघेड़ी पड़ान गांव में भक्तों द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम आरती भजन कीर्तन एवं जलाभिषेक किया जा रहा है। सावन शिवरात्रि तेरस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। भक्तों ने महादेव का श्रृंगार करके दूध, दही, घी, शहद, फल, फूल, मिष्ठान, गंगाजल, रोरी, रक्षा, अक्षत, विल्व पत्र चढ़ाकर भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। जिसमें भैरो नाथ पांडेय, पवन पांडेय, कुशल पांडेय, सुनील मिश्रा, आशीष पांडेय, गंगेश्वर शुक्ला, सोनू दुबे, गोपाल पांडेय, शरद पांडेय, जटा शंकर दुबे सहित सभी तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

### चलती ट्रेन के दरवाजे पर खड़े मेजा निवासी युवक की भोपाल में हुई दर्दनाक मौत

**प्रयागराज।** गुजरात के मोरबी से ट्रेन में बैठकर प्रयागराज के मेजा में घर आ रहे युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। भोपाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी है। परिजन शव लेने के लिए रवाना हुए है।घटना को लेकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मेजा कोतवाली क्षेत्र के सलैया कला के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद यादव (38) पुत्र भोला नाथ यादव गुजरात के मोरबी स्थित पेपर मील कम्पनी में बतौर ऑपरेटर पद पर कार्यरत थे। वह घर आने के लिए ट्रेन में बैठे थे। इस दौरान भोपाल पहुंचने पर ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े थे। तभी अचानक ट्रेन से नीचे गिर गए। इससे ट्रेन से कटकर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उनकी बॉडी तीन पार्ट में कट गई।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर हुई मार पीट के दौरान कई जख्मी हुए है। पुलिस ने दोनों मामलों में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के कटभरपरमेजपुर गांव निवासनीय निर्मला सरोज पत्नी सूरज सरोज का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसका देवर लाठी लेकर उसे मार पीट रहा था जब मेरे पति सूरज ने विरोध किया तो उन्हें भी मार पीट कर जख्मी कर दिया। निर्मला ने अपने देवर बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम अल्पी का पूरा घीनपुर निवासनीय लालती देवी पत्नी मिठाई लाल का कथन है कि पडोसी मामूली बात को लेकर उसे मारे पीटे और गालियां दी।लालती देवी ने मऊआइमा थाने में करन शर्मा, बह्मदेव, तबरेज, धर्मेन्द्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जनरेटर एवं टैक्टर चोरी, न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जल जीवन मिशन के तहत चल रहे पाइप बिछाने का कार्य में लगे ट्रैक्टर और जनरेटर की चोरी हो गई। कहीं सुनवाई न होने पर न्यायालय के आदेश पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजेन्द्र सिंह पुत्र प्रभु दयाल थाना बहजोई जिला सम्भल निवासी मऊआइमा के ग्राम भगनापुर सरपताही नहर के निकट जल जीवन मिशन के तहत पाइप बीछाने का कार्य कर रहे थे। विजेन्द्र सिंह का आरोप है कि दो अप्रैल को काम में लगे जनरेटर और ट्रैक्टर चोरी हो गया। विजेन्द्र सिंह का आरोप है कि कहीं सुनवाई न होने पर वह न्यायालय में फरियाद लगाए। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्वर्णकार समाज के साथ हमेशा संघर्ष के लिए समर्पित : नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी

अखंड भारत संदेश




**करछना।** उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एसोसिएशन एवं ज्वेलर्स के प्रदेश स्तरीय महा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि अपने समाज के उत्थान के लिए सब को आगे आना होगा जो भाई किसी कारण वह समस्या को लेकर परेशान है उनकी मदद करना सब का नैतिक कर्तव्य बनता है नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि आप लोगों की कोई भी समस्या होगी कोई भी दिक्कत होगी मै हर समय आप सब के लिए पूरी तरह समर्पित हूं आप सब संगठन को मजबूत करें अपने हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करें प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि खराब मौसम के बावजूद पूरे प्रदेश से संगठन के लोग आए मै हृदय की गहराइयों से सब का स्वागत करता हूं प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए 5 सूत्रीय मांगपत्र दिया प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज स्वर्णकार समाज जागृत हो चुका है और स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का 70 जिलों में गठन कर , सब लोग समाज का कार्य कर रहे है सम्मेलन को सम्बोधित करने वालो में सर्व श्री भूपेंद्र कुमार वर्मा प्रदेश महासचिव प्रयागराज में के जिला अध्यक्ष सुमित कुमार सोनी दिनेश कुमार स्वर्णकार धर्मेन्द्र कुमार स्वर्णकार प्रेमचन्द तिल मल सोनी सन्तोष वर्मा जिला चेयरमैन डा दिनेश कुमार सोनी गोपीनाथ सोनी जितेंद्र सोनी कुलदीप स्वर्णकार अमित सोनी राज कुमार सोनी पूर्व अध्यक्ष क्षत्रिय स्वर्णकार धर्मशाला जया वर्मा रंजना वर्मा राधे श्याम सोनी रेवती रमण सोनी राज कुमार सोनी सीता राम सोनी अविनाश सेठ राजू सेठ कृपा शंकर सोनी कार्यक्रम का संचालन मुरिया दीन वर्मा ने किया।

## वृक्षारोपण सामाजिक कड़ी का है अहम हिस्सा : पंडित रामकृष्ण

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। वन व जंगल उजाड़े जा रहे हैं ।हवा में तेजी सेजहर फैल रहा है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए पेड़ पौधों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। जनसेवक,एवं समाजसेवी पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने पौधरोपण के संकल्प के साथ लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकाधिक पेड़ों की कटान होने के कारण पर्यावरण प्रदूषण इन दिनों अपने चरम पर है।

वृक्षारोपण का हमारा संकल्प पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का यह एक मात्र प्रयास है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करके क्षेत्र में हरियाली के जरिए खुशहाली लाने की हमने कोशिश किया है क्योंकि वृक्षारोपण भी सामाजिक सेवा की कड़ी का अहम हिस्सा है जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में प्राथमिकता के आधार पर करने का संकल्प लेना चाहिए। जनसेवक श्री त्रिपाठी ने शनिवार को वृक्षारोपण के इस बड़े संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने आम जनमानस को जागरूक करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मुख्य आधार है हरा भरा वातावरण जीवन को खुशहाली देता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्षारोपण का संकल्प लेकर वृक्ष लगाना चाहिए। फिलहाल समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी पंडित रामकृष्ण की इस पहल की आम जनमानस में काफी प्रशंसा हो रही है। इस मौके पर जयनारायण त्रिपाठी, विनोद, राकेश पांडेय, ताराशंकर पांडेय, रामनारायण कनौजिया, रविशंकर दुबे,राजू तिवारी, छत्रधारी तिवारी, पप्पू सोनकर, प्रेमशंकर द्विवेदी, अमर बहादुर, चंद्रभूषण सिंह, शत्रुघ्न सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कृष्णचंद्र सिंह, दिनेश कुमार तिवारी तथा विकास त्रिपाठी आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## उद्योग जगत के सहयोग से मुक्त विश्वविद्यालय को बनाएंगे स्किल हब : कुलपति

### कानपुर क्षेत्र के समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त अध्ययन केन्द्रों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय को स्किल हब बनाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय कानपुर क्षेत्र के उद्योग जगत के साथ जुड़कर कौशल परक शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 14 राज्य मुक्त विश्वविद्यालय इस बात से सहमत हैं कि दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने का दायित्व मुक्त विश्वविद्यालयों का ही होना चाहिए। द्विपद्धतिय शिक्षण प्रणाली पूरी व्यवस्था पर संकट है। इस संबंध में यूजीसी से अपील की गई है कि वह इस पर पुनर्विचार करे। दूरस्थ शिक्षा दर्शन में शिक्षा की गुणवत्ता की शिक्षार्थियों तक पहुंच उत्कृष्ट स्व अध्ययन सामग्री के द्वारा पूरी की जा सकती है। पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ही एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जो अपने छात्रों को स्व अध्ययन सामग्री प्रदान कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक स्व अध्ययन सामग्री तैयार करने में सक्रिय हैं। कार्यशाला में विश्वविद्यालय से प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जे पी यादव एवं डॉ गिरीश कुमार द्विवेदी ने विश्वविद्यालय की नवीन योजनाओं की जानकारी देते हुए समन्वयकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त 9 जिलों कानपुर, कानपुर देहात ,औरैया, इटावा, हमीरपुर, कन्नौज, उन्नाव, फरुर्खाबाद , फतेहपुर के उपस्थित रहे। नामांकनः संवाद ,संपर्क, एवं संप्रेषण विषय पर आयोजित कार्यशाला में आए हुए प्राचार्य एवं समन्वयकों डॉ अमित द्विवेदी, डॉ विकास सिंह, डॉ विजय प्रताप सिंह, डॉ संदीप कुमार, समीर कुमार जय मंगल सिंह, डॉ वंदना कुमारी आदि ने केंद्रों पर आने वाले विभिन्न समस्याओं को इंगित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कानपुर क्षेत्रीय केंद्र की समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने किया।

# कुल 142 शिकायतें आयीं, 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**सम्पूर्ण समाधान दिवस- तहसील सदर**

**जिलाधिकारी ने शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में किए जाने के दिए निर्देश, जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमयाओं को सुनते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, विद्युत, अवैध कब्जो सहित अन्य विषयों से सम्बंधित शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थी सुनील कुमार निवासी 224, पूरा दलेल, तिलक नगर, अल्लापुर के द्वारा बिजली का जर्जर तार उनके घर के बारजे से सटकर खींचे जाने के कारण कभी भी कोई दुर्घटना होने की शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। सतीश कुमार निवासी 66ए सर्कुलर रोड़ नेवादा के द्वारा उनकी जमीन पर कुछ लोगो के द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण किए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जोनल आफिसर पीडीए को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सखीचन्द्र निवासी ग्राम देवघाट, तहसील सदर के द्वारा अपनी जमीन की पैमाइस हेतु कई बार प्रार्थनापत्र दिए जाने के बावजूद भी जमीन की पैमाइस न किए जाने की शिकायत किए जाने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 142 शिकायतें (राजस्व-42, पुलिस-31, अन्य-69) आयीं, जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध दशा में महिला की मौत,10 दिन से चल रहा था अस्पताल में इलाज

**प्रयागराज।** संदिग्ध दशा में एक विवाहिता की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसका अस्पताल में 10 दिन से इलाज चल रहा था। मायकेवालों ने ससुरालवालों पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि, अभी पुलिस को तहरीर नहीं दी है।कोतवाली में बहादुरगंज निवासी 26 वर्षीय शिवानी की शादी वर्ष 2021 में कौशांबी के पिपरी में हुई थी। शिवानी के डेढ़ साल का बेटा भी है। भाई आशीष ने बताया कि कुछ दिन पहले बहन के ससुरालवालों ने जमीन के लिए पौने दो लाख रुपये लिए थे। ससुरालवाले और रुपये देने की मांग कर रहे थे। 20 जुलाई को फोन कर बताया गया कि शिवानी की तबीयत खराब है। इस पर मायकेवाले पहुंचे तो शिवानी अचेत थी। इस पर भाई और मां ने उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर लखनऊ ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी उसकी मौत हो गई थी। भाई आशीष का आरोप है कि ससुरालवालों ने उसकी बहन के साथ मारपीट की थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दारागंज डाकघर करोड़ों के गबन मामले में दो और कर्मचारी निलंबित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दारागंज डाकघर में एजेंट की ओर से किए गए करोड़ों के गबन मामले में एक और बड़ी कार्रवाई की गई। प्रकरण में सात सदस्यीय जांच कमेटी को डाकघर के कर्मचारी अमित जायसवाल और अश्विनी श्रीवास्तव के खिलाफ सुबूत मिले हैं। इस पर प्रधान डाकघर के प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव ने दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया हैं। पोस्टमास्टर समेत 12 कर्मचारियों को निलंबित किया जा चुका है।प्रकरण में दारागंज डाकघर से संबंधित 20 ग्राहकों ने प्रधान डाकघर कार्यालय में जांच टीम के सामने अपना बयान दर्ज कराया था। इसके बाद जांच कमेटी ने दोबारा डाकघर जाकर कर्मचारियों से पूछताछ की। इसमें दोनों कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई।

**प्रवर डाक अधीक्षक ने की कार्रवाई**

दो कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के बाद प्रवर डाक अधीक्षक ने मंडल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी दी है। कहा है कि ग्राहकों के खाते को नियमित रूप से अपडेट किया जाए। ग्राहकों के खातों में एजेंट के जरिए अगर लेनदेन से संबंधित किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दिखे तो उस ग्राहक और संबंधित एजेंट को डाकघर में बुलाकर जानकारियां हासिल की जाएं। जिसकी सूचना मुख्यालय को भी लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए।

# हाईकोर्ट कर्मी की पत्नी का दुपट्टा खींचते वकील का वीडियो वायरल, कर्मचारी संघ ने जताया आक्रोश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर 8 के सामने शुक्रवार को हाईकोर्ट कर्मचारी की पत्नी का दुपट्टा खींचते वकील का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना को लेकर हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, बार ने आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट कर्मचारी की पत्नी अपने पति को हाईकोर्ट छोड़ने के लिए आई थी। जब वह अपने पति को छोड़कर लौट रही थी तो उसकी स्कूटी एक वकील की कार से टकरा गई। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें वकील और महिला के बीच बहस हो रही है। इसी बीच वकील महिला को धक्का देते हुए उसका दुपट्टा खींचते हैं। इस घटना को लेकर हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि वकील ने महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाया है। महिला जमीन पर गिर गई और उसे चोटें भी आई हैं। ऑफिसर एसोसिएशन ने पत्र जारी किया है, जिसमें आरोपी वकील का नाम रामबहादुर गुप्ता बताया गया है। वकील पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

**डीसीपी को घटना का वीडियो एक्स पर पोस्ट किया**

वकील और महिला के बीच हुई घटना का वीडियो एक्स पर डीसीपी प्रयागराज को पोस्ट करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं, डीसीपी ने पोस्ट का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी कैंट को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

## अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर की महत्वपूर्ण बैठक 15 अगस्त को लेकर हर घर तिरंगा विषय पर हुई





**प्रयागराज।** पार्टी कार्यालय सिविल लाइन पर अल्प संख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज के महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवाब खान ने किया जिसके मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेंद्र मिश्रा और महानगर महामंत्री रमेश पासी उपस्थित रहे अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर प्रयागराज के महत्वपूर्ण बैठक 15 अगस्त को लेकर हर घर तिरंगा विषय पर हुई जिसमें महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री सैयद उस्मान हुसैन मनु चावला एजाजुद्दीन मोहम्मद शरीफ बिलाल अहमद फैजान सिद्दीकी अकबर हुसैन मोहम्मद अदनान मुस्तफा अहमद समसुल कमर तनवीर हैदर मोहम्मद आसिफ चौधरी जीशान सिद्दीकी नाजिम शमीम फारुकी इस्लाम शाहनवाज आलम रेहाना खातून अस्मत कमल मोहम्मद सरवर जसवीर कुलदीप खालसा मनीत सिंह मंजू खान निगहत एजाज मोहम्मद मुजीब राशिद राइन जसविंदर सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन




**प्रयागराज।** अघोषित बिजली कटौती को लेकर शनिवार को कांग्रेसियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और नेताओं ने पावर कॉर्पोरेशन और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नेताओं ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा- पिछले एक सप्ताह से बिजली विभाग ने झूंसी, नैनी, फाफामऊ के घनी आबादी वाले इलाकों में अघोषित कटौती की जा रही है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा- पुराने शहर के मोहम्मद अली पार्क, रामबाग, करैला बाग, कल्याणी देवी, करेली, ट्रांसपोर्टनगर के उप खंड से क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती के कारण लोगों का बुरा हाल है। जिससे व्यापारियों का कामकाज सबसे ज्यादा प्रभावित है। वहीं शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली कटौती से पीने के पानी की किल्लत है। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही कटौती बंद नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान संजय तिवारी, हसीब अहमद, रईस अहमद , मनोज पासी, राकेश पटेल, एहतेशाम अहमद, शजादुल हक, रजनीश विश्रामदास, सुनील यादव, रोहित कुशवाहा, राजेश्वरी पटेल, धीरज विश्वकर्मा, नफीश अहमद, नरेंद्र आदिवासी, मुन्ना पेंटर, शीश अहमद, नन्दलाल पासी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा पार्षद को पीडीए ने थमाया अवैध निर्माण का नोटिस

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** पीडीए द्वारा लगाए जा रहे बिजली के पैनल का विरोध करना भाजपा पार्षद पर भारी पड़ गया नाराज पीडीए के अधिकारियों ने पार्षद के मकान में हो रहे मरम्मत कार्य को अवैध बताते हुए नोटिस थमा दिया। जब मामला जिले के बड़े नेताओं तक पहुंचा तो डैमेज कंट्रोल करने के लिए पैनल पार्षद के पड़ोस में लगा दिया। जिसका स्थानीय लोगो के साथ पार्षद ने विरोध किया। पार्षद ने कहा कि सामने खाली जगह थी वहा पैनल लगाया जा सकता था। नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाले मार्ग के चौड़ीकरण व नाला निर्माण का काम चल रहा है। चौड़ीकरण की जद में आये झूंसी वार्ड 85 के भाजपा पार्षद सुमित निषाद सहित सैकड़ो लोगो ने अपना अपना मकान तोड़ कर उसे ठीक करा रहे है। शनिवार को पीडीए ने केवल पार्षद सुमित निषाद के मकान मरम्मत कार्य को अवैध बताते हुए नोटिस पकड़ा दिया। जिसका उन्होने जमकर विरोध किया। पार्षद ने बताया कि दो दिन पहले उनके घर के सामने पीडीए द्वारा लगाए जा रहे बिजलीं के पैनल का विरोध किया था जिससे नाराज होकर पीडीए के अधिकारियों ने नोटिस दिया है। उन्होंने ने बताया कि हमारा मकान 10 वर्ष पहले का बना हुआ है। सड़क चौड़ीकरण की वजह से सामने का कमरा टूटा था उसी का मरम्मत कार्य चल रहा है। पीडीए के इस व्यवहार से नाराज पार्षदों ने महापौर से शिकायत की। मामला फसता देख पार्षद को सन्तुष्ट करने के लिए आनन फानन में पीडीए ने पैनल दूसरे के दरवाजे लगा दिया।

## चौकी प्रभारी की सक्रियता से करीब 36 घंटे में पकड़ा गया बाइक चोर, जेल

**सोरांव।** बड़गांव चौकी प्रभारी की सक्रियता से एक बाइक चोर को करीब 36 घंटे में गिरफ्तार करके चोरी की गई बाइक को बरामद करके हुए विधिक कार्यवाही कर शनिवार को जेल भेज दिए। जानकारी के अनुसार संजय मौर्य निवासी कमलानगर वृहस्पतिवार को अपने घर के सामने दो पहिया स्प्लेंडर बाइक खड़ी किया था शाम को जब वह घर से बाहर निकला तो बाइक गायब थी। बहुत खोजबीन करने के बाद बाइक का कहीं पता नही चला तो भुक्तभोगी ने शुक्रवार को सोरांव थाने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिसको चौकी प्रभारी संग पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए शनिवार को बाइक चोर युवक को बाइक सहित धर दबोचे। मामले में विधिक कार्यवाही की गई। अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार शनिवार को दोपहर करीब दो बजे चौकी प्रभारी बड़गांव नवनीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैरियर लगाकर कुरगांव के पास बिगहिया रोड पर आम के पेड़ के पास संदिग्धों की वाहन चेकिंग किया जा रहा था। तभी सोरांव थाने का बाइक चोरी के अभियोग में वांछित चल रहे युवक दिनेश कुमार पुत्र अमृत लाल चोरी की बाइक लेकर गुजर रहा था। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक कुंवर भान सिंह,उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह,कांस्टेबल हर्षित पाल तथा कांस्टेबल मनीष त्रिपाठी ने युवक को बाइक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करके जेल भेज दिया।

# डीएम ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने शनिवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, उपजिलाधिकारी कक्ष, तहसीलदार कक्ष, रजिस्टार, कानूनगों कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, ई-डिस्ट्रिक कक्ष, आपूर्ति कक्ष एवं विशेष भूमि अध्याप्ति कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां पर फाइलों के रख-रखाव, साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर को तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की समय से उपस्थिति एवं लम्बित प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, उपजिलाधिकारी कक्ष, तहसीलदार कक्ष का निरीक्षण करते हुए लम्बित मुकदमों के निस्तारण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए 3 वर्ष व 5 वर्ष से लम्बित मुकदमों की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रजिस्टार, कानूनगों कक्ष तथा कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए खतौनी, अमलदरामत समय से करने, ई-डिस्ट्रिक कक्ष का निरीक्षण करते हुए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की जानकारी लेते हुए समय से प्रमाणपत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। आपूर्ति कक्ष एवं विशेष भूमि अध्याप्ति कक्ष में उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यालय से घर जा रहे छात्र की अपहरण की कोशिश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के लोदरा पुलिया की है जहां पर विद्यालय से घर जा रहे छात्र को दो बाइक सवार बाइक से लेकर भागने की कोशिश की लेकिन शोर मचाने पर अपहरणकर्ता छात्र को छोड़कर मौके से फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि दिनेश कुमार सिंह का पुत्र अर्नव सिंह ग्राम बुंदावा सेंट मैरी'स कान्वेंट स्कूल इरादतगंज मे कक्षा छः में पढ़ाई करता है शनिवार को दोपहर स्कूल से छूटने के बाद बस द्वारा अपने घर बुंदावा नजदीक लोदरा पुलिया पर उतरा तो दो बाइक सवार उसको बाइक पर बैठने को कहा छात्र में बैठने से इनकार किया तो उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगे यह देख आसपास के लोग सोर मचाया तो वह मौके से भाग गए। इस घटना से छात्र सहम गया है लोगों द्वारा इसकी सूचना छात्र के पिता दिनेश कुमार सिंह को दिया तो उनके द्वारा बेटे के अपहरण की कोशिश की लिखित सूचना घूरपुर थाने में दी। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है पूर्व में भी जसरा स्टेशन के पास से जसरा के छात्र को नशीला पदार्थ सुघांकर अपहरण कर मामा भांजे के पास फेंक दिया गया था।



# हरियाली तीज में सजीं सुहागिन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रुद्रा संगम अपार्टमेंट अंदावा झूंसी में हरियाली तीज जैसे ऐतिहासिक एवं पौराणिक त्यौहार की अनूठी व अद्भुत परंपरा को कायम रखते हुए रुद्रा परिवार की मात्तृशक्तियों ने कजरी के त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना कर यह सिद्ध कर दिया यह तीज का त्योहार एक सद्भावना एवं प्रेम का त्यौहार है जो सभी को एकजुटता का संदेश देता है। रुद्रा परिवार की मातृशक्तियों ने इस त्यौहार को मनाने के लिए पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया।

## संपूर्ण समाधान दिवस बारा में भाकियू (प्रयाग) ने एसडीएम बारा को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद के बारा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर भारतीय किसान यूनियन(प्रयाग) के जिला उपाध्यक्ष ऋषि पांडेय की तरफ से उपजिलाधिकारी बारा जयजीत कौर को किसानों की समस्यायों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मुख्य रूप से किसानों को डी ए पी खाद के लिए हो रही किल्लत सोसाइटी में खाद ना उपलब्ध होने से किसानों को खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद लिए जाने एवं जसरा , जारी,मंडियों में गंदगी और सुअरो के अनियमित व्यस्था से व्यापारियों का हो रहा नुकसान एवम जारी, कौधियारा,जसरा,आदि के किसानों का मुट्ठीगंज के व्यापारियों द्वारा धान का भुगतान ना किए जाने व सड़क निर्माण में अनियमितता और नीबी से लालापुर मार्ग में ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरतने को लेकर है।



## महापौर ने जलभराव वाले क्षेत्रों का किया दौरा

**प्रयागराज।** महापौर प्रयागराज गणेश केशरवानी चेन्नई से लौटते ही शनिवार को जलभराव वाले क्षेत्रो का दौरा किया और नगर निगम द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य का जायजा लिया। महापौर ने पीपल गांव, झलवा, मुबारकपुर कोटवा नाले व ओमप्रकाश सभासद नगर की गलियों के साथ उसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए बारिश के दौरान जलमग्न हुए हुए क्षेत्र के लोगो से बात की समस्यों को सुना साथ मे उपस्थित निगम व रेलवे के अधिकारियों को तत्काल समस्या के निराकरण का निर्देश देते हुए कहा पानी निकासी के लिए जो भी कदम उठाना है तुरन्त उठाये। जहा जरूरत है पम्प लगाकर पानी निकलवाने की व्यवस्था बनाये। नाला सफाई में लापरवाही बर्दाश नही की जाएगी। बारिश में आप लोग क्षेत्र का लगातार दौरा करते रहे जनता की समस्याओं को सुने और समस्या का समाधान करे। इस दौरान पार्षद रामलोचन साहू, अरुण जैसल, पप्पू केशरवानी, गुलाब सिंह पटेल, मुकेश लारा, भगवान दास, रॉबिन शाहू, मनीष केशरवानी, बब्बन प्रजापति, शुभम पांडेय, दीनानाथ कुशवाहा सहित क्षेत्रिय लोग उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायत का जल्द करें निस्तारणः डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पट्टी में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 226 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 07 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 226 शिकायतों में से 82 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 48, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 08, शिक्षा से 05, स्वास्थ्य से 02 एवं 55 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।



समाधान दिवस पर शिकायतें सुनते डीएम व एसपी।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी तनवीर अहमद, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे पर मुस्कान दिखी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सरयू इंद्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय संग्रामगढ़ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत शनिवार को स्नातकोत्तर के छात्र एवं छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया, जिसमें एम ए उत्तरार्द्ध (सत्र 2022-23) के हिंदी समाजशास्त्र गृह विज्ञान के 55 विद्यार्थियों ने टैबलेट प्राप्त किया। जिसमे अक्षत उमेश गोविंद विनीत अंकित पर्ल प्रिया अल्का शालिनी पूनम मोहिनी के चेहरे पर मुस्कान की झलक दौड़ गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीन सागर शुक्ला ने टैबलेट वितरण करते हुए कहा कि तकनीक के क्षेत्र में तथा सूचना संचार की सुगमता के लिए शिक्षा के प्रसार के लिए आज टैबलेट एक वरदान साबित हुआ है इससे छात्र घर पर भी ऑनलाइन पढ़ाई सुगमता पूर्वक कर सकते हैं तथा अपनी शैक्षिक प्रगति कर सकते हैं। इस अवसर पर संरक्षक वी पी शर्मा विनोद कुमार पांडेय अजय कृष्ण तिवारी आदित्य प्रकाश मिश्र शिवम श्रीवास्तव अजीत तिवारी सौरभ शुक्ला आरती स्वाति आंचल आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे।

## लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन से गाय कटने से खड़ी हुई ट्रेन

### परियावा 35 सी रेलवे फाटक पर इंजन मे गड़बड़ी होने पर खड़ी हुई ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर 35 सी रेलवे फाटक से 500 मीटर दूर पम्पापुर गांव के सामने शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे लखनऊ से प्रयागराज संगम को जा रही 14210 लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन की चपेट मे आने से रेलवे ट्रैक पर आवारा गाय की कट जाने से मौत हो गई।

इंजन से गाय की मौत होने पर ट्रेन परियावां रेलवे फाटक पर खड़ी हो गई ट्रेन के इंजन मे कुछ खराबी आ जाने से लगभग आधा घंटे तक ट्रेन खड़ी रही ट्रेन के रेलवे फाटक पर खड़ी हो जाने से गेट पर दोनो तरफ लम्बा जाम आधे घंटे तक लगा रहा इंजन की खराबी को किसी तरह ट्रेन ड्राइवर ने सही किया उसके बाद ट्रेन अपने गत्वय को रवाना हुई ट्रेन के जाने के बाद फाटक खुलने पर आवागमन बहाल हुआ। बता दें कि रेलवे फाटक पर लगभग आधा ट्रेन खड़ी रही जिससे परियावां लवाना मार्ग के पाइकगंज बाजार रेलवे फाटक पर दोनो तरफ छोटे बड़े वाहनों का लम्बा जाम लग गया जिसकी भनक तक नवाबगंज पुलिस को नही लग सकी जब कि परियावां बाजार भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र है दिन मे पिकेट पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से गश्त करती नही दिखाई दी ऐसे मे कोई घटना होने से इंकार नही किया जा सकता।

## अभियुक्त ने किया आत्मसर्मपण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वांछित अभियुक्त विनोद कुमार सिंह उर्फ मोनू सिंह पुत्र स्व0 आद्या प्रसाद सिंह निवासी उमरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छानबीन कर रही थी। अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दी जा रही बार-बार दबिश से परेशान होकर वांछित अभियुक्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। बता दें कि एसपी के निर्देशन में कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का अपराध करने वाले इनामी अपराधियों में भय व डर का माहौल बना हुआ है।

## कालाकांकर मंडी समिति की सड़क बनी जानलेवा

### सड़क के बीच मे गड्ढा होने खोल रही विभाग की पोल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अरखा रजबहा नहर की पटरी के किनारे बनी पक्की सडक जो मंगली का पुरवा चक पुरवा होते हुए कालाक़ांकर पावर हॉउस होते हुए कालाकांकर लालगंज मार्ग से जुड़ती है जिसका डामरीकरण नवाबगंज कालाकांकर मंडी समिति के नाम से हुआ है जिसकी सड़क पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जिसका नामो निशान खंडहर के रूप मे देखने को मिल रहा है सड़क के बीच मे जानलेवा गड्ढा मौत को दावत दे रहा है जिसकी तनिक भी प्रवाह लोक निर्माण विभाग को नही है यदि कोई अनजान बाइक सवार रात विरात इस सड़क से गुजर जाय



जानलेवा बनी मण्डी समिति को जाने वाली सड़क।

तो निश्चित कोई हादसे का शिकार हो सकता है। इस सडक से किसान अपना फल फूल व सब्जी लेकर नवाबगंज बाजार बेचने जाते है जो रात विरात अपने घर को लौटते है इतना ही नही उक्त सड़क से स्नान के पर्व पर श्रद्धालुओ का कालाकांकर गंगा स्नान करने के लिए भारी संख्या मे आना जाना पड़ता है क्योंकि उपरोक्त सड़क शार्ट कट पड़ता है जिस पर दिन रात आवागमन चलता रहता है। कालाकांकर व पावर हॉउस को आने जाने वाले लोग इसी मड़ी समिति की सड़क से ज्यादा तर आते जाते है जो काफी नजदीक पड़ता है। स्थानीय किसान श्यामलाल, फूलचंद्र गुप्ता, रामपाल केवट, कड़ेदीन यादव, राहुल केसरवानी, तमन्य माली, विदेश्वरी पाल, अनिल मिश्र, रामजी यादव, दिनेश मौर्य आदि लोगो ने जिलाधिकारी राजीव रंजन व अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि किसी अनहोनी से लोगो को बचाया जा सके।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम मुनीश्वरदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम करने की मांग

### कांग्रेस ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने शनिवार को पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के जन्मदिवस पर स्थानीय जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम मुनीश्वरदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम किये जाने संबंधी ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के लक्ष्मणपुर में जन्मे पं0 मुनीश्वरदत्त 1952 व 1957 में जनपद के प्रथम व द्वितीय बार सांसद रहे। जिले में दो दर्जन शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करने वाले, उ0प्र0 कांग्रेस



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी।

कमेटी के अध्यक्ष रहे। संविधान सभा के सदस्य पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डॉ0 त्रिपाठी ने आम जनमानस की भावना के अनुरूप उनकी स्मृति को ताजा रखने के लिए उनके नाम पर जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलकर मुनीश्वरदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम रखे जाने की मांग की है। इस दौरान कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्मदिन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, इंद्रानंद तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, मो.असलम, नागेन्द्र पाण्डेय, शुभम मिश्रा, शहजाद सलमानी, सुरेश मिश्र, मोनू मिश्र, सुरेश कुमार, राधेश्याम दूबे सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## युवराज सिंह ने आईआईटी की परीक्षा में मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के जोलहापुर लौवार गांव निवासी मनोज सिंह का पुत्र युवराज सिंह की शिक्षा दीक्षा मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल फरीदाबाद से ग्रहण किया। और आईआई टी की प्रतियोगी परीक्षा में भाग लिया। युवराज सिंह आईआई टी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए 2580 आल इंडिया रैंक हासिल किया। और आईआई टी कॉलेज खडगपुर में एडमिशन लिया। युवराज की सफलता पर जहां पर परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त है वहीं पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। युवराज सफलता का श्रेय अपने माता और पिता और सेवानिवृत्त बीएसएफ इंस्पेक्टर राममूर्ति सिंह को देता है।

# पं0 मुनीश्वरदत्त के योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकताः श्याम किशोर



मुख्य अतिथि का स्वागत करते कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद्, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व आजादी के बाद लगातार 10 वर्षों तक सांसद रहे पं0 मुनीश्वदत्त उपाध्याय का जन्मदिन शहर के तिलक इंटर कालेज के सभागार में सोहर, कजरी, लोकगीत के माध्यम से जहां छात्र-छात्राओं ने पं0 मुनीश्वरदत्त को श्रद्धांजलि दी, वहीं स्काउट गाइड की छात्राओं ने देश रंगीला गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया।

### सोहर, कजरी लोकगीत के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंण्डित श्याम किशोर शुक्ल, विशिष्ट अतिथि पं0 श्याम शंकर मिश्र रहे। मुख्य अतिथि पंण्डित श्याम किशोर शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पण्डित उपाध्याय का व्यक्तित्व कालजयी था। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त देव शुक्ल ने कहा कि आज उनका जन्म दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब विद्यालयों के शिक्षकगण संकल्प के साथ अनुशासन को संयमित कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में आगे बढ़ाये। विशिष्ट अतिथि श्याम शंकर मिश्र ऐलाही ने कहा कि पंण्डित उपाध्याय जी के व्यक्तित्व के साथ विशेषण जोडना सूरज को दीया दिखाने जैसा होगा। उनका व्यक्तित्व महान था। मंचस्थ डॉ0 लाल जी त्रिपाठी ने महामना पण्डित को नमन करते हुये कहा कि पंडित जी का व्यक्तित्व अनुकरणीय या बन्दनीय था। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 श्याम ने किया।

स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व वी0डी0ओ0 विधिदेव शुक्ल, पं0 राम विभूति मिश्र, डॉ नीरज त्रिपाठी जिला अध्यक्ष काँग्रेस कमेटी, डॉ बी0 के0 सिहं पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद त्रिपाठी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

उपस्थित जनो में मेजर अमर नाथ त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र शुक्ल, पं0 मनोराम मिश्र, ऐ0 पी0 तिवारी, मनोराम मिश्र, तीर्थराज दूबे, विजय कुमार तिवारी, राम यज्ञ शुक्ल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के कुछ गणमान्य लोगो को अध्यक्ष एवं संरक्षक पं0 श्याम किशोर शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि पं0 श्याम किशोर शुक्ल एवं विद्यालय के अध्यक्ष डॉ0 प्रशान्त देव शुक्ल को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ओम शंकर मिश्र आये हुये अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता ओम शंकर मिश्र, संतोष पाण्डेय, विनीता सिंह, काशी नारायन मिश्र, गंगा सागर शुक्ल, एवं आनन्द तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## रामराज इंटर कॉलेज में शिक्षा की अलख जगाने को याद किए गए मुनीश्वर दत्त

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेल्हा के शिक्षा जगत के मालवीय कहे जाने वाले पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की जयंती पट्टी नगर स्थित राम राज इंटर कालेज में धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पट्टी कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर कृष्ण प्रताप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ राष्ट्र के उत्थान में क्रांतिदूत एंव पथ प्रदर्शक के रूप में थे। इस मौके पर मुख्यअतिथि के साथ कालेज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र व उप प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार शुक्ला ने मुनीश्वरदत्त व रामराज शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटा गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक लालमणि मिश्रा ने सोहर गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय अमर रहे व पंडित राम राज शुक्ला अमर रहे के नारे लगाए जिससे पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक राजेश दुबे, प्रमोद दुबे, जय प्रकाश मिश्रा, देवी प्रसाद पांडेय, इंद्रकेश सिंह, नीलाभ मिश्रा समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## एमडीपीजी कालेज में हर्षोल्लासपूर्वक मनी पं0 मुनीश्वरदत्त की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में स्थित पंडित जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के उपरांत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्रा ने कहा कि पंडित जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव प्रासंगिक रहेगा। दो दर्जन शैक्षिक संस्थानों की स्थापना कर उन्होंने जनपद को विकास की नई राह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने एवं संचालन प्रो रमेश चंद्र मिश्र ने किया। प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे, प्रो सुधांशु त्रिपाठी, प्रो राधा कृष्ण दुबे, प्रो ऊषा तिवारी, प्रो पी के शर्मा आदि ने संगोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ सी एन पांडेय, प्रो माया शंकर, डॉ डी के पांडे, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ स्वामी नाथ तिवारी, डॉ मनीष सिंह, डॉ राजेंद्र मिश्र सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



एमडीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकगण।

# लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती में भारतीय प्रजातंत्र है हमारा स्वर्णिम गौरवः प्रमोद तिवारी

### नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में वर्ष 2024 का सम्मान भी प्रदान हुआ। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता देश के चौथे स्तम्भ के रूप में लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती के लिए अहम योगदान रखती है। उन्होने कहा कि आजादी के आंदोलन में देश को पत्रकारिता को ही एकजुट बनाने का अविस्मरणीय श्रेय आज भी महनीय है।

वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय, कुण्डा इकाई अध्यक्ष पन्ना लाल गुप्ता, रानीगंज अध्यक्ष अजय ओझा, रूपेन्द्र शुक्ला, अब्दुल हासिम, समेत विभिन्न हस्तियों को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रारम्भ में तहसील इकाई के अध्यक्ष विकास मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्षता महासंघ के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया व संचालन प्रान्तीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। महासचिव धुरिया एवं चुनाव समिति के संयोजक डॉ. आशीष सिंह तथा सुरेन्द्र तिवारी सागर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र व उपाध्यक्ष लवलेश शुक्ला आदि को शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए वर्ष 2024 का लेखनश्री सम्मान प्रदान किया। वहीं आयोजन समिति द्वारा अध्यक्ष विकास मिश्र व महामंत्री साकेत मिश्र तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र एवं उपाध्यक्ष लवलेश शुक्ला ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को सम्मानित करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## बारिश से लोगों को मिली राहत, किसानों के खिले चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दिन भर धूप छांव का खेल चला और शाम को झूमकर बदरा बरसे। इससे तापमान में गिरावट आई है। लोगों का कहना है कि सीजन में आज तेज वर्षा देखने को मिली है। इसके पहले जो वर्षा हुई, वह छिटपुट वर्षा हुई लेकिन शनिवार की शाम करीब पांच बजे तेज वर्षा शुरु हुई जो लगभग आधे घंटे तक रही। इससे तापमान घट गया है और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है। वैसे आज तापमान अधिकतम 43 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री नोट किया गया लेकिन अनुमान है कि शाम को पारा और घटेगा। इस वर्षा से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं धान की खेती के लिये यह वर्षा वरदान है। अब लोग धान की सूख रही बेहन को भी शायद बचा लें और धान की खेती शुरु कर लेंगे।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के हर्षपुर असांव कोटवा शुकुलपुर गांव में शनिवार की सुबह रामप्रताप प्रजापति 55 घर से बाहर निकले थे। इस बीच बाहर केबल तार के करंट की चपेट में आ गये। बेहोशी की दशा मे परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने रामप्रताप को मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की जानकारी होते ही उसकी पत्नी दीनमती रोने बिलखने लगी। पत्नी दीनमती ने करंट की चपेट में पति की मौत को लेकर सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौपी है। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए दोपहर बाद जिला अस्पताल भेजवाया।

# 351 शिकायतों में 18 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

### तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर डीएम एसपी ने अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के दिए निर्देश, जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 249 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रमेश चंद्र ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उन्हें वर्ष 2022 से दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही आख्या उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता राम शंकर लाल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके ग्राम बिदनपुर-ककोड़ा में इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मार्ग पर अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण इंटरलॉकिंग का कार्य संपूर्ण मार्ग पर नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को जांच कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ।शिकायतकर्ता संदीप कुमार निवासी-मधवामई ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति ने चकरोड को जोतकर अपने खेत में मिल लिया है,जिससे आवागमन नहीं हो पा रहा है,जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक को जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। तहसील मंझनपुर में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु, सीएमओ डॉ. संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कानूनगों के साथ बैठक कर राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों विवादों के निस्तारण का डीएम ने दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा तहसील सिराथू सभागार में तहसील के समस्त कानूनगों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कानूनगों को राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों/ विवादों के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आज तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायत भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित है। उन्होंने समस्त कानूनगों को अपने-अपने क्षेत्र में भूमि पर अवैध कब्जा व राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सूची बनाकर रणनीति बनाते हुए टीम बनाकर शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने धारा-67, धारा-24 तथा धारा-116 एवं विरासत से संबंधित प्रकरण पर समय से आख्या उपलब्ध कराने/अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी कानूनगो को धारा-24 की लंबित पत्रावलियों को निस्तारित करते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि चकरोड पर अवैध अतिक्रमण/चकरोड की पैमाइस से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर राजस्व की टीम संबंधित खंड विकास अधिकारी से समन्वय कर शिकायत को निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाय।बैठक में उप जिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### एनडी कन्वेंट स्कूल एंड कालेज में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** एनडी कन्वेंट स्कूल एंड कालेज श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर मूरतगंज के प्रांगण में शनिवार को पेरेंट्स मीटिंग अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया अभिभावक गोष्ठी में सैकड़ो बच्चे के परिजन पहुंचे और अपनी समस्याओं को रखा जिसका समाधान विद्यालय प्रबंधन तंत्र ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह यादव व प्रधानाचार्य महेश कुमार ने विद्या की देवी माता सरस्वती व महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने वाली माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया। प्रबन्धक मिथलेश सिंह यादव ने कहा कि अनुशासन के बिना अच्छी शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते हैं इन्हें जैसा बनाओगे वे वैसा ही बनेंगे, तथा विद्यालय की गति विधि से अवगत कराया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव, राधा रानी, सुनील सिंह,अभिषेक साहू, मनीषा विश्वकर्मा ,नंदिता पाल ,ज्योति सैनी , सत्य प्रकाश, कुलदीप साहू, आरती श्रीवास्तव आकांक्षा यादव,मुन्नी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### सामान्य कार्य दिवसों की भांति 04 अगस्त को खुला रहेगा एआरटीओ कार्यालय

**स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए कैम्प का आयोजन 04 अगस्त को**

**कौशाम्बी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने अवगत कराया है कि शासन के निदेर्शानुसार दिनांक-04 अगस्त 2024 (रविवार) को सामान्य कार्य दिवसों की भांति कार्यालय खुला रहेगा तथा कार्यालय में स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए कैम्प का आयोजन किया जायेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि कैम्प में स्कूली वाहनों को फिटनेस कराने के लिए प्रेरित किया जायेगा। फिटनेस के लिए आने वाले स्कूली वाहनों की जांच के लिए स्लॉट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि दिनांक-04.08.2024 (रविवार) को ससमय कार्यलय में उपस्थित रहकर फिटनेस के लिए आने वाले स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच कराना सुनिश्चित करेंगे तथा वाहनों की फिटनेस कराने के लिए प्रेरित करेंगे।

### यमुना में डूबा युवक

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के जवई गांव निवासी रवि सरोज पुत्र भईया लाल सुबह अपने एक साथी के साथ पिपरहट्ठा यमुना घाट नहाने गया था पैर फिसलने से वह गहरे पानी मे चला गया गोताखोर व पुलिस बल मौके पर मौजूद हैं कोशिश जारी है जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं और किसी अनहोनी की घटना से परेशान है।

## बालिका बेचने की खबर प्रकाशन के बाद बौखलाया रामपुर का प्रधान

**खबर रोकने के लिए पत्रकार पर लगातार बना रहा है बार-बार दबाव**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरियावा के अंतर्गत एक गांव के ग्राम प्रधान और उसके सहयोगियों द्वारा बीते कई वर्ष से शादी विवाह के बहाने लाखों रुपए की रकम लेकर बालिकाओं को राजस्थान में बेचने की खबर प्रकाशित किए जाने के बाद रामपुर का ग्राम प्रधान विजय बौखला गया है और बालिकाओं को बेचने की खबर को रोकने के लिए बार-बार वह पत्रकार पर दबाव बना रहा है आखिर राजस्थान में बालिकाओं को बेचने की खबर को रोकने के लिए रामपुर का प्रधान विजय क्यों परेशान है बालिकाओं को बेचने में विजय का क्या रिश्ता है यह एक नई जांच का विषय शुरू हो गया है बताते चलें कि बीते कई वर्षों से कौशांबी जिले के विभिन्न क्षेत्र के गरीब परिवार की बालिकाओं को शादी का सपना दिखा करके राजस्थान के लोगों के हाथों बेच करके लाखों रुपए की वसूली गैंग के सदस्यों द्वारा की जा रही है बालिकाओं को शादी के बहाने खरीदने वाले लोग बालिकाओं को घरों में कैद कर देते हैं उन्हें मोबाइल नहीं दिया जाता है किसी से बात नहीं करने दिया जाता दोबारा उन्हें मायके नहीं आने दिया जाता है और कभी यदि बालिकाएं मायके आई है तो चार-पांच लोगों की सुरक्षा घेरे में बालिकाओं को रखा जाता है उन्हें अकेले कहीं नहीं जाने दिया जाता है यहां तक की बालिकाओं को खरीदने वाले लोग बालिकाओं के माता-पिता से भी अकेले में बात नहीं करने देते हैं जिससे बालिकाएं परेशान रहती हैं लेकिन उसके बाद मजबूर रहती है इस खेल के कारनामे को लेकर खबर का प्रकाशन 03 अगस्त को किया गया और खबर के प्रकाशन के बाद रामपुर का ग्राम प्रधान विजय परेशान दिखाई पड़ रहा है सवाल उठता है की शादी के बहाने बालिकाओं को बेचने वाले गिरोह से रामपुर के प्रधान का क्या रिश्ता है खबर से उसे क्या परेशानी है जिससे उसके कारनामे की जांच कराए जाने की जरूरत है।

## विद्युत सप्लाई व सिंचाई की समस्या को लेकर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### कौशांबी जिले को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने की जिलाध्यक्ष ने मांग की




**कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के तत्वाधान में बिजली कटौती की समस्या से निजात एवं नहरों में पानी न छोड़े जाने की समस्या को लेकर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर में जोरदार नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया और बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को आम जनमानस की समस्या के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया इस संदर्भ में जिला जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि अगर बिजली की पूर्ति सही ढंग से नहीं की जाएगी तो कौशांबी जिले के सभी जिम्मेदार अधिकारी यह जान लें की कौशांबी जिले का एक-एक कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा बिजली की आपूर्ति के कारण किसान, कामगार, विद्यार्थी, उद्योग धंधे बंद पड़ गए हैं जिससे धान की रोपाई में किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है कौशांबी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से कौशांबी जिले को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने की जिलाध्यक्ष ने मांग की है। इस मौके चायल विधानसभा के पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि बिजली आपूर्ति के अभाव से उद्योग धंधे में काफी गिरावट आई जिससे वस्तुओं का दाम बढ़ गया है भारी समस्या का सामना आम जनमानस किसान और युवाओं को करना पड़ रहा है जिस प्रकार से बारिश नहीं हो रही है किसान हताश परेशान है इस प्रकार जिले में किसानों को जितनी बिजली चाहिए धन की रोपाई करने के लिए उतनी बिजली नहीं दी जा रही मैं कौशांबी जिले के सभी विद्युत विभाग के अधिकारियों से निवेदन कर रहा हूं कि किसानों को भरपूर बिजली दी जाए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम राम बहादुर त्रिपाठी राकेश जायसवाल, डॉ आर के मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह ,मोहम्मद असलम ,अलकमा उस्मानी कौशलेश द्विवेदी ,आदिल जाफरी सम्मु, रजिया बेगम, फोजिया, सावित्री देवी सरोज राज नारायण पासी, शशि प्रताप त्रिपाठी, देवेश श्रीवास्तव, मोहम्मद फरमान, फैसल अली, दीपक पाण्डेय (बाबूजी), सुरेंद्र शुक्ला जी, निक्की पाण्डेय, मनोज पटेल , श्याम मूर्ति त्रिपाठी ,कालका सिंह, शाहरुख , सरफराज आलम, नूरद जमा, सफीक अहमद, मोहम्मद आरिज, नैयर रिजवी लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिंदा को मार देने के खेल में माहिर खंड विकास अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**जिंदा को मार देने की कला रखने वाले खंड विकास अधिकारी को निलंबित करके उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई**


**कौशाम्बी** जिले के अधिकारियों की भी करनामें बड़े निराले हैं विकास योजनाओं को संचालित करने में कमीशन खाने के साथ-साथ अब अधिकारी इस कदर से बेलगाम हो गए हैं कि अब वह जिंदा व्यक्तियों को भी मार देने में लगे हुए हैं आखिर इन अधिकारियों द्वारा जिंदा को मारने की कलाकारी की ट्रेनिंग सरकार द्वारा इन्हें कब दी गई है यह बड़ी जांच का विषय है ताजा मामला कौशांबी विकासखंड क्षेत्र के मंझनपुर तहसील के सलेमपुर गांव के मजरा कोशम इमाम निवासी जगपत उम्र 75 वर्ष पुत्र रामदास का है जगपत अभी जिंदा है जिला अधिकारी से लेकर तहसील समाधान दिवस तक अधिकारियों के सामने पहुंचकर जगपत अपने जिंदा होने की गवाही दे रहा है लेकिन जीवित व्यक्ति को जिंदा मानने के लिए अधिकारियों को जांच करना पड़ रहा है लेकिन खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी ने जगपत को मार दिया है आखिर इन्हें जगपत को मारने का अधिकार योगी सरकार ने कब दिया है जिंदा को मारने वाले खंड विकास अधिकारी पर अभी तक कार्यवाही कर इन्हें निलंबित नहीं किया गया है अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बाद जांच के दौरान जगपत कब जिंदा होगा सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हैं लेकिन जिंदा को मार देने की कला रखने वाले खंड विकास अधिकारी को निलंबित करके अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है उन्हें जेल नहीं भेजा गया है इतना बड़ा हेरा फेरी अपराध करने वाले अधिकारी अभी कुर्सी में कैसे विराजमान है मुख्य विकास अधिकारी इस मामले में क्या कर रहे हैं जिंदा को मारने की कला रखने वाले खंड विकास अधिकारी के कारनामे को यदि योगी सरकार ने गंभीरता से लिया तो खंड विकास अधिकारी की मुसीबत बढ़ना तय है।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में एकल नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी कौशांबी में 3 अगस्त को प्रत्येक वर्ष की भांति जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के छात्रों के बीच एकल नृत्य प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र के संबोधन के साथ प्रारंभ हुआ।प्रतियोगिता के पहले ग्रुप में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें चैतन्य देव मिश्र ने प्रथम,चित्ररूपा कक्षा 8 ने द्वितीय एवं प्रतिमा वर्मा कक्षा 7 की छात्रा ने बेहतरीन डांस करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी तरह प्रतियोगिता के दूसरे ग्रुप में कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमे से छात्रा प्रगति ने बेहतरीन डांस करते हुए प्रथम,श्री एवम सत्यम ने द्वितीय एवं अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी बच्चों का डांस बेहद ही सराहनीय रहा।प्रतियोगिता के दोनो चरणों में निर्णायक की भूमिका शिक्षक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव, संगीत शिक्षिका श्रीमती भावना पाण्डेय एवं शिक्षिका खुशबू गुप्ता ने निभाई। प्रधानाचार्य ने समस्त विजेता छात्रों को पुरस्कार की घोषणा करते हुए आगामी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दिया। प्रतियोगिता के अंत में सीनियर अध्यापक श्री सुधाकर सिंह ने बच्चों के सराहनीय कार्यक्रम को सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षक,शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में प्री- प्राइमरी एवं प्राइमरी बच्चों के बीच कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में 03 अगस्त को प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों के बीच कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे समस्त बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया।प्रतियोगिता का प्रारंभ एलकेजी एवं यूकेजी के बीच किया गया जिसमे बच्चों के गायन के अनुसार निर्णायक मंडल के अनुसार बेस्ट थ्री को सेलेक्ट किया गया।इसी तरह प्रतियोगिता के दूसरे चरण में कक्षा 1 एवम 2 के छात्रों के बीच गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें बेस्ट थ्री सेलेक्ट किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने समस्त बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा करते हुए सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### पारले-जी जैसे नामी कंपनी ने अपने बिस्किट की क्वालिटी खराब कर दिया या फिर डुप्लीकेट

**कौशांबी।** विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों के साथ-साथ इन दिनों पारले-जी के बिस्किट की क्वालिटी बेहद खराब है जिसे खाने में तनिक भी स्वाद नहीं है लोगों की माने तो पारले जी की डुप्लीकेट बिस्किट बाजार में पहुंच चुके हैं। जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित भरवारी सिराथू करारी पश्चिम शरीरा तिल्हापुर मोड़ मूरतगंज चरवा चायल सराय अकिल सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्र के तमाम दुकानों में पारले जी के डुप्लीकेट बिस्किट मौजूद है और ग्राहकों को असली बिस्किट बता करके पारले जी का डुप्लीकेट बिस्किट बेचा जा रहा है गांव क्षेत्र की स्थिति ज्यादा खराब है और गांव के दुकान में डुप्लीकेट बिस्किट अधिक मौजूद है जिसका स्वाद बेहद खराब है जिसे खाने में तनिक भी स्वाद नहीं है रैपर देखकर ग्राहक भी असली पारले जी बिस्किट समझते हैं लेकिन जब उसको खोल करके ग्राहक बिस्किट खाते हैं तो बिस्किट का स्वाद बदला हुआ है अब सवाल उठता है कि पारले-जी जैसे नामी कंपनी ने अपने बिस्किट की क्वालिटी खराब कर दिया या फिर डुप्लीकेट बिस्किट बाजार में उतर चुका है यह तो जांच का विषय है मंझनपुर मुख्यालय की भी कई दुकानों में पारले जी का डुप्लीकेट बिस्किट खुलेआम बेचा जा रहा है लेकिन उसके बाद भी पारले जी कंपनी के अधिकारियों ने अपनी कंपनी की खराब हो रही साख को बचाने के लिए डुप्लीकेट बिस्किट बेचने वाले दुकानों की जांच नहीं की है। वाले ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है।

## स्नातक प्रथम वर्ष के नवागत छात्र छात्राओं का अभिमुखीकरण समारोह आयोजित



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में 3 अगस्त को स्नातक प्रथम वर्ष के नवागत छात्र, छात्राओं का अभिमुखीकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। ततपश्चात महाविद्यालय की छात्राओं कुमारी प्रतिभा कुमारी नायनशी, कुमारी राधा बीए0 द्वितीय वर्ष द्वारा सरस्वती वंदना एवम स्वागत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने- अपने विषय के बारे जानकारी प्रदान की गई तथा उनके आगामी जीवन में आने वाली समस्याओं और उनकी रोटी-रोजगार की दिशा में मार्गदर्शन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने नवागत छात्र, छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए महाविद्यालय स्तर की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उहोंने अपनी बात चंद पंक्तियां कहकर समाप्त किया बेहतर से बेहतर की तलाश करो,मिल जाये नदी तो समंदर की तलाश करो,टूट जाता है शीश पत्थर की चोट से टूट जाये पत्थर ऐसा शीशा की तलाश करो। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गणित , डॉ 0 नीलम बाजपेई असिस्टेंट विज्ञान ,डॉ0 भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान, डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास, डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल, डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ0आनंद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत , डॉ0 रमेश चंद्र असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य डॉ0 राम प्रताप यादव असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, डॉ0 संतोष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान एवं डॉ0 शैलेश मालवीय असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य तथा छात्राएं उपस्थित रहे।

### किस्त पर बाइक लेने वालों से छिनैती का खुला खेल

**एजेंट मैनेजर के साथ मिलकर बाइक लूटने में माहिर एजेंसी मालिक पर मेहरबान है कोखराज थाना पुलिस!**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बाबा चौराहे भरवारी पर स्थित आकर्ष गोपाल मोटरसाइकिल एजेंसी में बाइक किस्त पर लेने वाले लोगों से छिनैती का खेल खुलेआम खेला जा रहा है एजेंसी से किस्त पर बाइक लेने वाले बाइक मालिकों द्वारा पूरी किस्त अदा करने के बाद उन्हें रसीदे नहीं दी जाती हैं और उसके बाद फाइनेंसर को लगा करके साजिश रच के बाइक को छीन लिया जाता है मामले की लगातार शिकायते हो रही है लेकिन स्थानीय पुलिस बाइक एजेंसी मालिक पर कार्यवाही करती नहीं दिख रही है जिससे छिनैती लूट के धंधे को बढ़ाने वाले बाइक एजेंसी मालिक के हौसले बुलंद है किस्त पर बाइक देने के बाद उसकी छिनैती करने वाले एजेंसी मालिक उनके मैनेजर एजेंट और फाइनेंसर पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी कराकार इन्हें बेनकाब करने की जरूरत है जिससे बाइक खरीद करने वाले गरीब कमजोर लोगों को भी न्याय मिल सके। गौरतलब है कि बदलू पुत्र रामशरण निवासी रामचौरा थाना कोखराज ने अपने भाई अंतिम कुमार के साथ 9 मई 2023 को हीरो मोटरसाइकिल की बाबा चौराहा स्थित हीरो एजेंसी के मालिक रजनीश केसरवानी उनके मैनेजर और एजेंट मोहित दुबे से मिला तीनों से बातचीत करने के बाद एजेंसी में 30 हजार रुपए नगद जमा करके एक हीरो की मोटरसाइकिल किस्त पर खरीदी कंपनी की ओर से मोहित दुबे को किस्त वसूली के लिए भेजा जाता रहा और किस्त की रकम में 3400 रुपए प्रत्येक बार लगातार छह बार बाइक मालिक ने दिया और एकमुश्त समाधान के तहत 52 हजार 300 रुपए 15 03 2024 को एक मुश्त रकम कंपनी के एजेंट मोहित दुबे को आकर्ष गोपाल मोटर कंपनी बाबा चौराहा भरवारी के शोरूम के अंदर मैनेजर और एजेंसी के मालिक रजनीश केसरवानी राहुल केसरवानी के सामने रुपए दे दिया है रुपए देने की घटना एजेंसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद है लेकिन कंपनी के मलिक रजनीश केसरवानी राहुल केसरवानी वा मैनेजर और एजेंट मोहित दुबे ने मिलकर जमा की गई 72 हजार 700 रुपए और एडवांस 30 हजार रुपए की रकम में हेरा फेरी फ्रॉड कर लोन के खाते में रुपया नहीं जमा किया पूरी रकम अदा करने के बाद गुंडागर्दी मारपीट कर 16 जुलाई 2024 को दिन दोपहर 1 बजे रामचौरा स्थित घर से कंपनी के एजेंट मैनेजर और फाइनेंसर ने साथ में मिलकर बाइक छीन ले गए बाइक छिनैती में एजेंसी के मालिक रजनीश केसरवानी और राहुल केसरवानी की पूरी साजिश रहती है मामले की सूचना पुलिस चौकी सिंघिया को दी गई लेकिन एजेंसी मालिक के दबाव में पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही। एजेंसी मालिक मैनेजर और एजेंट जानबूझकर योजना बद्ध तरीके से गंभीर अपराध कर रहे है किस्त पर मोटरसाइकिल लेने के बाद पूरी किस्त देने के बाद धोखाधड़ी फ्राड़ कर बलपूर्वक मोटरसाइकिल छीन लेने वाले एजेंट मोहित दुबे और उनके मैनेजर और आकर्ष गोपाल के मालिक के विरुद्ध धोखाधड़ी फ्रॉड छिनैती लूट का मुकदमा दर्ज कर इनकी गिरफ्तारी कराए जाने और बाइक बरामद कराए जाने की मांग की गई है।

## 52 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 26 वीएचएसएनडी सेशन का आकस्मिक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार जनपद के कुल 27 अधिकारियों द्वारा विकासखंड सिराथू एवं कड़ा में स्थित कुल 52 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 26 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की स्थिति विद्युतीकरण, पेयजल की व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, क्रियाशील स्मार्टफोन आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों का विवरण, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति,अनुपूरक पोषाहार नियमित रूप से वितरित किए जाने की स्थिति, बच्चों का वजन, आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन, पोषण ट्रैक्टर पर फीडिंग की स्थिति तथा वीएचएसएनडी सेशन पर लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित जनल्याणकारी योजनाओं की जानकारी/एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी दी जाती हैं या नहीं आदि वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन उपलब्ध न होना तथा हीमोग्लोबिन जांच किट न होना आदि पाई गई कमियों को दूर कराने के निर्देश सीएमओ एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए हैं।

## संपादक की कलम से

# बजट से बाहर रहा पर्यावरण

बाढ़-नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु आबंटित 11.500 करोड़ रुपए भी कम ही लगते हैं, क्योंकि बाढ़ से हानि काफी अधिक होती है। शहर एवं बाहरी क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु हरियाली विशेषकर पेड़ बचाना जरूरी है, परंतु पेड़ शहर एवं जंगल दोनों जगह कम हो रहे हैं। शहरों में विकास के नाम पर तो जंगलों में विद्युत, रेल, सडक, बांध एवं खनन कार्य की परियोजनाओं के नाम पर काटे जा रहे हैं। 23 बाढ़-नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु आबंटित 11.500 करोड़ रुपए भी कम ही लगते हैं, क्योंकि बाढ़ से हानि काफी अधिक होती है। शहर एवं बाहरी क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु हरियाली विशेषकर पेड़ बचाना जरूरी है, परंतु पेड़ शहर एवं जंगल दोनों जगह कम हो रहे हैं। शहरों में विकास के नाम पर तो जंगलों में विद्युत, रेल, सडक, बांध एवं खनन कार्य की परियोजनाओं के नाम पर काटे जा रहे हैं। 23 जुलाई को केन्द्रीय वितमंत्री निर्मला सीतारमण में देश का 2024-25 का 48.21 लाख करोड़ रूपयों का बजट पेश किया था। बजट के जो नौ आधार कृषि, कौशल-विकास, मानव-संसाधन विकास, मेन्युफेक्चरिंग सेवाएं, इंफ्रास्ट्रचर, शहरी-विकास, नवाचार शोध व विकास, ऊर्जा-सुरक्षा एवं आर्थिक सुधार बताये गये, उनमें पर्यावरण की समस्याएं एवं सुधार कहीं नजर नहीं आया। 'केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' को दिया गया 3330.37 करोड़ रूपयों का आबंटन देश के बिगड़े पर्यावरण के हालातों के मद्देनजर काफी कम है।

संगठन 'आयक्यूएआर' ने इसी वर्ष के प्रारंभ में अपनी रिपोर्ट में बताया था कि विश्व के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 09 हमारे देश के हैं तथा सबसे ज्यादा प्रदूषित 10 देशो में हमारा देश तीसरे स्थान पर है। देश की 96 प्रतिशत आबादी प्रदूषित वायु में सांस ले रही है। वर्ष 2019 में देश के 138 शहरों में शुरू किये गये 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' के तहत तय किया गया था कि वर्ष 2024-25 तक 'वायु गुणवत्ता सूचकांक' (एक्यूआय) घटाकर 50 के लगभग लाया जाएगा। इसी संदर्भ में मार्च 2022 में संसदीय समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि ज्यादातर शहरों में वायु गुणवता में सुधार काफी कम हुआ है, अतः बजट बढ़ाया जाए, कार्य में पारदर्शिता लाएं तथा समाज की भागीदारी बढ़ाई जाए।

30 लाख से ज्यादा आबादी वाले 14 शहरों को विकास हेतु 11.11 लाख करोड़ रुपए आबंटित किये गए हैं। ये शहर पर्यावरण को महत्व देकर वायु एवं जल प्रदूषण, नियंत्रण, जलस्त्रोतों के संरक्षण, हरियाली विस्तार एवं वर्षा-जल पुनर्भरण पर ध्यान दें तो आदर्श शहर बन सकते हैं। जलस्त्रोत एवं नदियों के विकास के तहत गंगा सफाई हेतु 30033.83 करोड़ रुपए आबंटित किये गए हैं। बजट में पैसे देने से गंगा साफ नहीं होगी, अपितु इसके प्रदूषण के मूलभूत कारणों को जानकर उन्हें समाप्त करने के प्रयास ईमानदारी से करने एवं करवाने होंगे। अभी हाल ही में 'उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल' की रिपोर्ट देखकर 'राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण' (एनजीटी) की प्रधान खंडपीठ ने कहा है कि प्रयागराज में ही गंगा का पानी पीने एवं आचमन के योग्य नहीं है।

'केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल' के अनुसार अध्ययन की गई 521 नदियों में से 351 प्रदूषित पाई गईं। इन नदियों के प्रदूषण-स्तर की गणना कर उस हिसाब से बजट में पैसा दिया जाना था। एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के संदर्भ में सिंचाई के लिए जल एवं भूमि की उर्वरता पर ध्यान देना होगा। प्राकृतिक खेती में यदि प्रदूषित पानी से सिंचाई की गई तो फिर वह कितनी प्राकृतिक रहेगी? 'राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान (नीरी),' नागपुर ने दो वर्ष पूर्व अध्ययन कर बताया था कि देश की लगभग 30 प्रतिशत भूमि में उत्पादकता समाप्त हो गई है।

बाढ़-नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु आबंटित 11.500 करोड़ रुपए भी कम ही लगते हैं, क्योंकि बाढ़ से हानि काफी अधिक होती है। शहर एवं बाहरी क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु हरियाली विशेषकर पेड़ बचाना जरूरी है, परंतु पेड़ शहर एवं जंगल दोनों जगह कम हो रहे हैं। शहरों में विकास के नाम पर तो जंगलों में विद्युत, रेल, सडक, बांध एवं खनन कार्य की परियोजनाओं के नाम पर काटे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में रतलाम-खंडवा ब्राडगेज रेललाइन तथा उत्तरप्रदेश में कावड़ियों के एक मार्ग हेतु क्रमशः 80 हजार एवं 30 हजार पेड़ काटना प्रस्तावित है।

कुछ अन्य कारणों से शहरों एवं जंगलों में पेड़ों की कमी से गर्मी एवं लू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसे वर्ष 2024 में अभी तक महसूस भी किया गया। सिक्किम में लू के दिनों की संख्या दहाई में हो गई है एवं उत्तराखंड की कई नदियां जून में ही उफन गई हैं। हिमालय के पहाड़ी राज्यों में वनों की आग की रोकथाम तथा समावेशी विकास हेतु ज्यादा राशि दी जाना थी।

उत्तराखंड में ही नवम्बर 23 से जून 24 तक लगभग 950 आगजनी की घटनाएं हुईं जिससे 4000 हेक्टर के सारे पेड़ जल गए। पर्यटन बढ़ाने के चक्कर में राज्य पहाड़ों की सारी पारिस्थितिक व्यवस्था बिगाड़ चुके हैं जिससे कई स्थानों की हालत जोशीमठ के समान हो गई है। उत्तरप्रदेश सरकार को भी ज्यादा राशि दी जानी थी, क्योंकि वहां की 99.4 प्रतिशत आबादी प्रदूषित हवा में सांस ले रही है। पर्यावरण सुधार के कई कार्य राज्य सरकारों एवं स्थानीय निकायों को करना होता है, परंतु उनकी आर्थिक स्थिति खराब होने से वे भी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। प्रदूषण नियंत्रण का कार्य 'केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल' के साथ राज्य के क्षेत्रीय कार्यालय भी करते हैं। अप्रेल 2024 में 'एनजीटी' को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण निकायों में 50 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। पर्यावरण-प्रदूषण से जुड़े कई अन्य विभागों में भी कई पद खाली हैं।

# आ रहा है इंटरनेट का हाईस्पीड अवतार, आपके ब्रॉडबैंड से 16 लाख गुना होगा तेज

**नई दिल्ली।** इंटरनेट स्लो चल रहा है, प्लान अभी तो नया लिया है। शायद नेटवर्क में कमी होगी। न जाने कितने ही सवाल मन में घर कर जाते हैं, क्योंकि, घर में इंटरनेट जो नहीं चल रहा है और अगर चल रहा है तो स्लो चल रहा है, जिससे न ही कोई वीडियो देख सकते हैं, और न ही कोई फाइल डाउनलोड कर सकते हैं।

लेकिन, आने वाले समय में अगर सबकुछ ठीक रहा तो इंटरनेट की स्पीड 16 लाख गुना ज्यादा तेज हो जाएगी। क्योंकि, एमबीपीएस, जीबीपीएस के बाद अब आ रहा है टीबीपीएस। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार शोधकताओं ने इसको लेकर नई खोज की है। इस खोज के अनुसार, प्रति सेकंड इंटरनेट की स्पीड 402 टेराबिट्स पर सेकेंड हो जाएगी। यह सामान्य रुप से घरों में पाए जाने वाले ब्रॉडबैंड के मुकाबले मिलने वाली इंटरनेट से 16 लाख गुना ज्यादा तेज होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, यह कारनामा एस्टन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है। खास बात यह है कि उन्होंने इंटरनेट की यह हाई स्पीड मार्केट में मिलने वाली फाइबर- ऑप्टिक केबल का इस्तेमाल कर पाया है।

इसी साल मार्च के महीने में वैज्ञानिकों ने एक रिकॉर्ड बनाया। आमतौर पर फाइबर-ऑप्टिक ब्रॉडबैंड कनेक्शन में एक या दो वेवलैंथ्स बैंड का इस्तेमाल होता है।


वैज्ञानिकों ने इसी वेवलैंथ्स में 4 से 6 वेवलैंथ्स का इस्तेमाल कर 301 टीबीपीएस की स्पीड पाई। इससे जो स्पीड मिली वह 25 गुना तेज थी।

शोध टीम का हिस्सा रहे ह्यइयान फिलिप्स' के अनुसार, हमने जो खोज की। इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। साथ ही इससे सिंगल फाइबर की क्षमता को बढ़ाने में मदद होगी। अगर इस तकनीक को भविष्य में इस्तेमाल किया गया तो ऑप्टिकल केबल कम्युनिकेशन का विकास तेजी से होगा। साथ ही डेटा सर्विसेज की डिमांड भी तेजी से बढ़ेगी।

# राजनीतिक तापमान कम करने का समय आ गया है

**– जगदीश रत्तनानी**

अनिवार्य रूप से हमें बोगी-हंटिंग का अंतहीन खेल देखने को मिला है। नीति आयोग की बैठक के साधारण मुद्दे पर विपक्ष के साथ कितनी दूरियां और कड़वाहट है, इसका ताजा उदाहरण देखें- यह 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक थी, और पिछले हफ्ते ही मोदी की अध्यक्षता में हुई थी। आयोग की गवर्निंग काउंसिल 'राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतियों का साझा दृष्टिकोण विकसित करने का काम करने वाली प्रमुख संस्था है।' यह एक ऐसा स्थान है जहां सरकार को कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी।




चुनाव खत्म हो चुके हैं और मोदी 3.0 के नाम से अल्पमत सरकार सत्ता में आ गई है। विपक्ष ने केंद्रीय बजट पेश होते ही नई ऊर्जा का संचार कर दिया है जिसमें कांग्रेस के घोषणापत्र से कुछ विचार लिए गए हैं, जैसे लाखों लोगों के सामने रोजगार के ज्वलंत संकट को दूर करने के लिए अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम। लोकतांत्रिक राजनीति में यह एक अच्छा संकेत है। अच्छे विचार हर जगह से आ सकते हैं। सरकार कांग्रेस को श्रेय दे सकती है और बदले में पार्टी से कुछ सद्भावना अर्जित कर सकती है। यह नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए नई लोकसभा की नई वास्तविकता को पहचानने और उसका सम्मान करने का समय है और यह समझने का भी कि राजनीति में दीर्घकालिक सफलता और शासन के जटिल मुद्दों के लिए देने और लेने के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। इसके लिए पहली शर्त यह है कि कुछ वास्तविक काम करने के लिए राजनीतिक तापमान को कम किया जाए, लेकिन इसकी बजाय सरकार ने राजनीतिक तापमान को और अधिक बढ़ाने में योगदान दिया है। सभी संकेत यही हैं कि चुनावी मौसम की कड़वाहट खत्म नहीं होने वाली है।

आपातकाल के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए 25 जून को वार्षिक 'संविधान हत्या दिवस' घोषित करना, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शिवसेना के उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार पर नवीनतम राजनीतिक हमला और प्रसिद्ध कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना, वह भी उस वक्त जब बढ़ती संपत्ति और आय की असमानता को स्पष्ट रूप से ध्यान में लाया गया है, ये सभी संकेत देते हैं कि मोदी सरकार के लिए यह मजबूरी 'हमेशा की तरह' है; और इस हद तक यह देश तथा उसके लोगों का मजाक उड़ाता है, जिन्होंने स्पष्ट रूप से मौजूदा सरकार को तीसरे कार्यकाल के लिए साफ जनादेश नहीं दिया है। अब मानों भाजपा व सरकार का विचार है कि चुनाव एक दुःस्वप्न सा था। ऐसा लगता है जैसे वह चुनाव परिणामों के दौरान सो गई थी और अब एक नई दुनिया में एक पुराने यथार्थ को जीना चाहती है।

वास्तव में सरकार को अपने पिछले कार्यकाल में भारी बहुमत के बावजूद और समझौते करना चाहिए थे। इसके विपरीत घमंड आया और यह अहंकार ही है जो बड़े पैमाने पर राजनीतिक हार का कारण बना। कोई सबक नहीं सीखा गया। वास्तव में वे सीखे भी नहीं जा सकते क्योंकि सीखने की क्षमता उस आत्म-धार्मिकता के साथ नहीं चलती जो अंदर तक समा जाती है और लालच जो सब कुछ हड़प लेना चाहता है- चाहे वह वोट हो ध्यान हो या कथाएं। यह एक आदेश और नियंत्रण का इच्छुक दिमाग काम कर रहा है; राष्ट्रीय मुद्दों को युद्ध के रूप में चित्रित किया जाता है और सब कुछ उचित है क्योंकि इसका एकमात्र परिणाम यह होना चाहिए कि नेता हर कीमत पर जीत जाए।

कई मायनों में यह कहानी भाजपा के आंतरिक खालीपन को दशार्ती है, जो लोकसभा में अपने प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय नहीं कर पाई है और खुद के लिए चिंतन या कठिन सवाल उठाने में असमर्थ हो गई है। प्रधानमंत्री की पार्टी पर जो पकड़ है, वह एक स्तर पर उनके लिए व्यक्तिगत रूप से एक राजनीतिक सफलता है, क्योंकि कौन नेता ऐसी पार्टी को पसंद नहीं करेगा जो नेता से कोई सवाल नहीं पूछती? कुछ आंतरिक आवाजें उभर रही हैं- एक महत्वपूर्ण समूह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम-काज पर सवाल उठाए हैं और उस राज्य में चुनावी हार के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुकूल नहीं लगने वाली टिप्पणियां की हैं परन्तु यह सभी आंतरिक बेचैनी के अप्रत्यक्ष संकेत हैं। पार्टी में सीधे सवाल और स्पष्ट विश्लेषण गायब हैं। कांग्रेस पर परिवार द्वारा संचालित पार्टी होने के सभी आरोपों के बावजूद भाजपा ने केवल उसी रास्ते पर चलना जारी रखा है जिसकी वह निंदा करना चाहती है और कुछ ही समय में वह मोदी-शाह की सोच की अनिश्चितताओं का शिकार बन गई है। यह पकड़ हमें पार्टी और उसके ताने-बाने के बारे में बहुत कुछ बताती है जितना कि कोई इतिहास का दृष्टांत नहीं बता सकता।

यह देखना मुश्किल नहीं है कि दोनों लगातार ध्यान भटका कर ही टिके हुए हैं। इससे अनिवार्य रूप से हमें बोगी-हंटिंग का अंतहीन खेल देखने को मिला है। नीति आयोग की बैठक के साधारण मुद्दे पर विपक्ष के साथ कितनी दूरियां और कड़वाहट है, इसका ताजा उदाहरण देखें- यह 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक थी, और पिछले हफ्ते ही मोदी की अध्यक्षता में हुई थी। आयोग की गवर्निंग काउंसिल 'राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतियों का साझा दृष्टिकोण विकसित करने का काम करने वाली प्रमुख संस्था है।' यह एक ऐसा स्थान है जहां सरकार को कड़ी मेहनत करनी चाहिए थी ताकि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सम्मानपूर्वक समायोजित किया जा सके।

इसके बजाय 10 मुख्यमंत्रियों ने इसमें भाग ही नहीं लिया। उपस्थित एकमात्र विपक्षी आवाज ममता बनर्जी बैठक के बाहर चली गईं और उन्होंने शिकायत की कि उनका माइक म्यूट कर दिया गया था और उन्हें अपमानित महसूस हुआ। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की बाद की टिप्पणियों में अहंकार अपने आप में बोलता है- 'जिन लोगों ने भाग नहीं लिया, उसके लिए मैं हमेशा कहता हूं कि यह उनका नुकसान है।' ये विचार कहां से आते हैं? उनके बाहर जाने और माइक म्यूट होने के कारणों पर बहस इस बात का उदाहरण है कि कैसे निचले स्तर की बातचीत को बढ़ावा दिया जाता है और उसका आनंद लिया जाता है। केंद्र में मौजूदा सरकार को इस गिरावट को रोकना है, विश्वास पैदा करना है और विपक्षी दलों की विश्वसनीयता हासिल करनी है, जो लोगों के उतने ही प्रतिनिधि हैं।

केंद्रीय बजट द्वारा पैदा की गई दरारें चिंताजनक हैं। एक तरफ बिहार के नीतीश कुमार जैसे सहयोगी ने नीति आयोग की बैठक में भाग नहीं लिया, कथित तौर पर बिहार को विशेष दर्जा नहीं दिए जाने के कारण। दूसरी ओर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय बजट में अपने राज्य के साथ हुए अन्याय पर एक कड़ा बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भाजपा उन सभी राज्यों से बदला लेना चाहती है जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया; विशेष रूप से तमिलनाडु। यह स्पष्ट है कि सरकार, जो अब दो सहयोगियों पर पूर्णतया निर्भर है, सभी को साथ लेकर चलने में असमर्थ है। शायद खुद सहयोगियों को भी।

यहां से कहां जायेंगे? चुनावों के तुरंत बाद एक राय यह थी कि मतदाताओं द्वारा उचित रूप से आकार में कटौती की गई भाजपा अब सुनने और सीमाओं के प्रति सचेत होने के लिए मजबूर होगी। ऐसा स्पष्ट रूप से नहीं हुआ है। तब दूसरा दृष्टिकोण यह हो सकता है कि केंद्र में कमजोर भाजपा आलोचना को झेलने में असमर्थ और मध्य मार्ग बनाने में अकुशल है जो राष्ट्र और इसकी लोकतांत्रिक परंपराओं को पहले की अपेक्षा अधिक नुकसान पहुंचा सकती है।

**(लेखक पत्रकार हैं और एसपीजेआईएमआर में संकाय सदस्य हैं। सिंडिकेटः द बिलियन प्रेस)**

# बिना पैसे की खेती के काम की अच्छी परंपरा

**– बाबा मायाराम**

आज जब दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों का संकट बढ़ते जा रहा है। टिकाऊ जीवन पद्धति, टिकाऊ खेती और कम ऊर्जा की खपत इत्यादि के बारे में रुझान बढ़ रहा है। आदिवासियों का प्रकृाति से एक विशेष लगाव रहा है और उन्होंने उसका संरक्षण भी किया है। जलवायु बदलाव में भी उनका कोई योगदान नहीं है। प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना यह पीढ़ियों से रहते आ रहे हैं। वे खुद को प्रकृति का हिस्सा समझते हैं, उससे ऊपर नहीं।

हाल ही मुझे छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच जाने और उन्हें करीब से देखने-समझने का मौका मिला। उनकी कुछ अच्छी परंपराओं में से एक है एक- दूसरे की मदद करना। उनका जीवन अब भी कुछ हद तक अमौद्रिक तरीके से चलता है और वह जंगल पर निर्भर है। आपसी लेन-देन और एक-दूसरे की मदद उसमें शामिल है। आज के स्तंभ में इस पर चर्चा करना उचित होगा।

जशपुर जिले के एक गांव में मुझे कुछ दिन रहने का मौका मिला। यह उरांव आदिवासियों का गांव है। जिस घर में हम रुके थे, वह कच्चा मिट्टी का था, लेकिन सीमेंट व कांक्रीट के पक्के घरों से अपेक्षाकृत ठंडा था। वहां हर चीज सुघड़ता से रखी हुई थी। गोबर व काली मिट्टी से लिपा-पुता यह घर साफ-सुथरा था और अपना सौंदर्य बिखेर रहा था। ऊं ची दीवारों वाले खपरैल से ढंके इस हवादार घर के आगे-पीछे काफी खुली जगह थी। बच्चों के खेलने-कूदने और उठने-बैठने के हिसाब से पर्याप्त जगह थी।

इस गांव के अधिकांश घर मिट्टी के बने हैं, जिन्हें आदिवासी परिवारों ने खुद बनाया है। इन घरों की उम्र डेढ़ दो सौ साल की बताई जाती है। हर साल घ? की थोड़ी बहुत मरम्मत व खपरैल की अदला-बदली करने की जरूरत होती है। यह सब स्थानीय लोग व कारीगर कर लेते हैं। इसमें न ज्यादा खर्च होता है और सीमेंट व गिट्टी जैसी महंगी चीजों की जरूरत होती है, जिसमें खनन की भी जरूरत होती है, जिससे प्रकृति को नुकसान पहुंचता है। इन घरों बिजली-पंखे के बिना भी रहा जा सकता है। हालांकि अब ज्यादातर घरों में बिजली है।

अंग्रेजी के यू आकार के बने इस घर के पीछे बड़ी बाड़ी थी, जहां से हरी सब्जियां व फलदार पेड़ लगाए गए हैं। सब्जियों में पानी देने के लिए कुआं होता है, जिसमें बांस की लकड़ी के एक सिरे पर बाल्टी बंधी रहती है और दूसरे सिरे पर पत्थर। बिल्कुल रेलवे गेट की तरह। इस लकड़ी के एक सिरे को पकड़कर ऊपर-नीचे करने से पानी खींचा जा सकता है। इसे स्थानीय भाषा में टेड़ा कहा जाता है। इसमें ट्यूबवेल व मोटर पंप की तरह पानी की बबार्दी नहीं होती। हालांकि अब यह टेड़ा पद्धति कम हो रही है। जबकि पहले छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में इसी टेड़ा पद्धति से सिंचाई की जाती थी, जो कुछ जगह अब भी होती है। यहां बाड़ियों में लगे हरे-भरे कटहल के पेड़ों को फलों से लदा देखकर कोई भी मोहित हो सकता है। इस गांव में आम का बगीचा है। अगर कोई मेहमान आता है तो उसे कटहल की सब्जी से उसका स्वागत होता है।

इन दिनों कोसम के फल पक रहे हैं। बच्चों की टोलियां कोसम खाने के लिए पेड़ों के आसपास घूमती रहती हैं। कोसम के पेड़ों में लाख होती है, जिसे बच्चे बीनते हैं और बेचकर उनका जेब खर्च निकालते हैं। जामुन भी खाने को मिलती है, जो अब खत्म होने लगी है। गांव की महिलाएं जंगल जाती हैं, और खुखड़ी ( मशरूम) बीनकर लाती है, जिसकी सब्जी बहुत स्वादिष्ट होती है साथ में हरी पत्तीदार भाजियां भी तोड़कर लाती हैं। ये कई तरह के औषधीय पौधों को भी जानती हैं, जिनसे वे छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कर लेती हैं। इन दिनों बांस करील भी एक अच्छी सब्जी आ रही है।

# बेसिर-पैर की तो नहीं है राहुल की आशंका

**@ राकेश अचल**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी यदि आधी रात को अपने सोशल मीडिया अकाउंट ७ पर अपने यहां ईडी के छापे की आशंका को सार्वजनिक करें तो सवाल उठता है कि क्या वे इस कार्रवाई के लिए तैयार हैं या इस आशंका से भयभीत हैं ? सदन में लगातार 'निडर रहो' का मन्त्र जपने वाले राहुल गांधी अठारहवीं लोकसभा के सबसे मुखर सदस्य हैं। उन्होंने प्रतिपक्ष के नेता की हैसियत से सरकार की नींद हराम कर रखी है। इसलिए लगता है कि राहुल को घेरे जाने की तैयारी है और इसकी भनक लगते ही राहुल ने देश को आगाह कर दिया।

अदावत की सियासत के इस युग में किसके खिलाफ,कब ,कौन सी कार्रवाई शुरू हो जाये, ये कोई नहीं जानता। राहुल तो प्रतिपक्ष के नेता हैं सत्तापक्ष के नेताओं को इस तरह की आशंकाएं लगातार सताती रहतीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयानों से ये आशंका लगातार झलकती है। वे निरंतर ये कहते आ रहे हैं कि वे किसी की नौकरी करने नहीं आये हैं। आखिर राहुल गांधी को और योगी आदित्यनाथ को इस तरह की बातें क्यों करना पड़ रहीं है ?

जग-जाहिर है कि मौजूदा निजाम ने पिछले दस साल में देश की राजनीति में भय और संदेह के ऐसे बीज बोये हैं जो अब जड़ें जमा चुके है। हर कोई एक-दूसरे को आशंका की नजर से देखता है। परस्पर विश्वास और सौहार्द को तो जैसे इस कालखंड में तिलांजलि दे दी गयी है। सत्तापक्ष के ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समय-समय पर आने वाले बयान भी इसी आशंका की पुष्टि करते हैं कि सब कुछ ठीकठाक नहीं है। सत्तापक्ष ही क्यों सत्तापक्ष की जननी माने जाने वाले राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख तक सरकार पर अहंकारी होने का आरोप लगा चुके हैं। भारत की समावेशी राजनीति के लिए ये सही नहीं है।

प्रतिपक्ष के नेता को सम्मान देने के बजाय उन्हें अपना मुख्य शत्रु मान बैठी सरकार सियासत को रसातल में और कितना गहरा उतारेगी ,पता नहीं है। देश के प्रधानमंत्री अपने ही दल के एक सदस्य की अत्यंत अभद्र टिप्पणी को जब सराहने लगते हैं तो समझ में आ जाता है कि देश की राजनीति की दशा और दिशा क्या है ? निरंतर धूमिल होते आभा मंडल से विचलित पंत प्रधान सियासत को अदावत में बदलकर न सिर्फ अपनी पार्टी के प्रति अपितु देश के प्रति एक गंभीर अपराध कर रहे हैं। उन्हें मान लेना चाहिए कि अब उनके युग का अंत सन्निकट है। प्रकृति ने उनके उत्तराधिकारी की व्यवस्था कर दी है। अब ये देशकाल और परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि उनका उत्तराधिकारी उनकी अपनी पार्टी से जन्म लेगा या विपक्ष से।

लोकसभा में ही नहीं राजयसभा में सत्तापक्ष घिरता जा रहा है। लोकसभा में कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषधकार हनन का नोटिस दिया है और राज्य सभा में कांग्रेस के जयराम रमेश ने केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमितशाह साहब के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जाहिर है कि दोनों ही सदनों में इस समय जो लोग पीठासीन अधिकारी हैं वे इन नोटिसों को स्वीकार करने वाले नहीं है। वे खुद डरे हुए लोग हैं। सत्ता से उपकृत लोग हैं। वे अपने आकाओं के विरुद्ध किसी कार्रवाई की इजाजत आखिर कैसे दे सकते हैं ?यदि ये नोटिस स्वीकर कर लिए जाएँ तो राज्य सभा में सरकार कि गिल्लियां उखड़ सकती हैं। आने वाले दिनों में राहुल गांधी के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल हो या सीबीआई का इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। पहले भी सरकारी पार्टी की और से राहुल और उनकी मां को घेरने की कोशिश की गयी थी। राहुल की तो लोकसभा सदस्यता तक छीन ली गयी थी। उनसे सरकारी बँगला खाली करा लिया गया था। एसपीजी सुरक्षा तो बहुत पहले वापस ले ली गयी थी। लेकिन राहुल को अदालत ने ही नहीं जनता की अदालत ने भी उनका अधिकार और सम्मान दिलाया। सत्रहवीं लोकसभा में उनकी छीनी गयी सदस्यता अदालत ने वापस कराई थी और अठारहवीं लोकसभा में उन्हें रायबरेली के साथ ही वायनाड की जनता ने भी चुनकर लोकसभा भेजा, जबकि प्रधानमंत्री जी अपने ही लोकसभा चुनाव में हारते-हारते बचे। राहुल की आशंका पर केंद्र की चुप्पी स्वाभाविक है । केंद्र यदि सफाई देगा भी तो कोई उस पर यकीन करने वाला नहीं है, क्योंकि सरकार अपना विश्वास पहले ही खो चुकी है। जनता ने आम चुनाव में भाजपा के पर कतर कर ये पुष्टि भी कर दी। सत्तापक्ष को इस बात का अधिकार है कि वो राहुल गांधी की बढ़ती स्वीकार्यता को स्वीकार न करे ,किन्तु रेत में सिर छिपा लेने से आंधी का खतरा टल नहीं जाता।बेहतर हो कि सत्तापक्ष रेत में सिर देने के आने वाली आंधी के मुकाबले की लोकतान्त्रिक तरीके से तैयारी करे। मोशा की जोड़ी को समझना चाहिए कि अब भय दिखाकर वो न अपने दल में प्रीति पैदा कार सकते हैं और न विपक्ष में। ' भय बिन होय न प्रीति ' का फामूर्ला कालातीत हो चुका है। त्रेता के इस मन्त्र का जाप करने से कलियुग में सिद्धि हासिल नहीं हो सकती।

पंत प्रधान को ये सुविधा है कि वे एक बार फिर राहुल गांधी द्वारा जताई गयी आशंका को उनकी बालक बुद्धि कहकर खारिज कर दें ,लेकिन सोच लें कि ये देश अब बालक और बैल बुद्धि को पहचान चुका है। पंत प्रधान जितनी गलतियां कर रहे हैं उतना लाभ अकेले राहुल को नहीं अपितु पूरे विपक्ष को मिल रहा है। वे खुशनसीब हैं कि संसद के दोनों सदनों में किसी सदस्य ने उनसे ये सवाल नहीं किया कि वे देश में वायनाड , हाथरस और मणिपुर के भीषण हादसों के बावजूद मौके पर आखिर क्यों नहीं गए ?

# 245 में 22 मामले मौके पर डीएम-एसपी ने निपटाये

### एडीएम-एएसपी ने मानिकपुर में सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार मऊ में हुआ। समस्याओं के जल्द निस्तारण को डीएम-एसपी ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये।

शनिवार को मऊ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में आये मामलों के रजिस्टर का परीक्षण कर आख्या देखी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बतायें, ताकि निस्तारण से वह संतुष्ट हो सके। डीएम ने समाधान दिवस में आये मामलों पर कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा में जल्द निस्तारित कर शासन की मंशानुसार लोगों को राहत दें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 245 मामले आये। 22 का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम-एसपी ने चक रोड अतिक्रमण व भूमि संबंधी मामलों पर एसडीएम से कहा कि राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर चकरोड की भूमि, अतिक्रमण व भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता से कब्जा मुक्त करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभाग बाबत शिकायतों को समय से निस्तारित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार मऊ विजय कुमार यादव, डीपीआरओ इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सीबीओ सुभाष चंद्र, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में तहसील मानिकपुर में एडीएम उमेश चन्द्र निगम व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम पंकज वर्मा, तहसीलदार मानिकपुर चन्द्रभान तिवारी, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।



मऊ में फरियाद सुनते डीएम-एसपी।

### डीएम ने किया एसडीएम कार्यालय का शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तहसील मऊ परिसर में सुन्दरीकरण करायें। एसडीएम कक्ष कार्यालय का फीता काटकर व गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर शुभारंभ किया। शनिवार को एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक ने बताया कि पहले इस भवन में नगर पंचायत मऊ का कार्यालय चलता था। नया भवन बनने के बाद नगर पंचायत मऊ कार्यालय बदल गया। इस भवन का सुन्दरीकरण कराकर एसडीएम कार्यालय की स्थापना की गई। जिलाधिकारी के कर-कमलों से कार्यालय का शुभारम्भ हुआ।

## सपा ने मनाया संविधान स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा ने संविधान मानस्तम्भ स्थापना दिवस पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में मनाया।

शनिवार को शहर के आन्या पैलेस में पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह ने संविधान मानस्तम्भ का अनावरण किया। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, पूर्व लोहियावाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, सपा नेता सूरज पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, गुलाब खां, वरिष्ठ नेता मान सिंह पटेल, सपा नेता लवलेश यादव, सीताराम कश्यप, लोहियावाहिनी जिलाध्यक्ष अमर सिंह पटेल, पूर्व प्रधान हरिमोहन यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष रमा यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, पूर्व प्रधान चंचलचित्त पटेल, बांदा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, निजाम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष राजा यादव व जिलाध्यक्ष रामकिशोर कुरील समेत सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने की एसडीओ की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में गढचपा गांव के मजरा जरका पुरवा के दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर कहा कि बिजली का कनेक्शन न देकर 17 किसानों को बिजली बिल भेज दिया। बिजली के न तार आये और बिल दो हजार के पार आ गये। विद्युत विभाग के एसडीओ पर कार्यवाही की मांग की है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सपने को एसडीओ ने चकनाचूर किया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से खम्भे गाड दिये। खम्भों में न बिजली है न तार, बिल भेज दिये।

## बिजली समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश में बिजली संकट को लेकर कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। बिजली विभाग के एसी सुरेश यादव से भेंटकर उन्हें भी पत्र सौंपा।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। जिले की विद्युत समस्या से अवगत कराया। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बिजली समस्या से शहर-ग्रामीण किसान, व्यापारी सभी परेशान हैं। बिजली कटौती का कोई समय तय नहीं है। मांग किया कि बिजली कटौती, लो-वोल्टेज से लोगों को निदान दिलायें। चेताया कि ऐसा न करने पर कांग्रेस आंदोलन करेगी। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि सरकार बिजली को लेकर बड़े-बड़े दावे कर ढिंढोरा पीटती है। आम जनता बिजली से परेशान है। किसान धान की खेती को परेशान है। लो-वोल्टेज से ग्रामीणों के ट्यूबवेल नहीं चल रहे। पूरे जिले में बिजली संकट है। कटौती का समय तय नहीं है। जब चाहे कटौती कर दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट की समस्या है। जिला प्रशासन ने जिले की बिजली समस्या का समाधान न किया तो कांग्रेस आन्दोलन को बाध्य होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, राकेश वर्मा, चुनबाद प्रसाद, भगवानदीन समदरिया, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, महेंद्र सिंह, जगजाहिर पटेल, दिवाकर त्रिपाठी, सविता पाल, अजीत मिश्रा, मोहित पाल, कामता प्रसाद द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, कंचन सिंह, रामेश्वर गौतम, हरिओम पांडे, रामस्वरूप पटेल समेत आदि मौजूद रहे।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## पिस्टल से गोली चलने पर दो दरोगा घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा के डीआईजी अजय कुमार सिंह के राजापुर थाने के निरीक्षण दौरान पहाडी थाने के दरोगा की सरकारी पिस्टल से गोली चल गई। गोली लगने से दरोगा ननकाऊ व सुरेश बहादुर घायल हो गये। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गंभीर दशा पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ये हादसा शुक्रवार को पहाड़ी थाने में अपरान्ह डेढ बजे हुआ। बताया गया कि डीआईजी को थाने निरीक्षण को आना था। दरोगा सुरेश बहादुर पिस्टल लोड नहीं कर पा रहे थे। हड़बड़ी में गोली लोड की और गलती से ट्रिगर दब गया। फायर होने से दरोगा सुरेश बहादुर के हाथ व दरोगा ननकाऊ के पेट को चीरते हुए गोली पीठ से निकल गई। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों दरोगा रिवाल्वर साफ कर रहे थे। अभ्यास दौरान गोली चलने से घायल हो गये। घटना के समय डीआईजी थाने पर नहीं थे। डीआईजी का निरीक्षण राजापुर थाने में चल रहा था। दोनों दरोगा की हालत ठीक बताई है। इलाज जारी है। उनके इलाज को जरूरत पडने पर प्रयागराज ले जाया जायेगा।

## सावन के अमावस्या मेला को डीएम-एसपी ने मातहतों के कसे पेंच, मेला क्षेत्र को 13 जोन में बांटा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सावन माह के अमावस्या मेला को सम्पन्न कराने को जोनल, सेक्टर तथा पुलिस अधिकारियों व पुलिस बल के साथ बैठक की।

शनिवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में हुई बैठक में डीएम ने कहा कि जोनल-सेक्टर पुलिस अधिकारियों से तालमेल बनाकर मेला में भ्रमणशील रहकर सम्पन्न करायें। सभी लोग जिम्मेदारी से अमावस्या मेला पहले भी सम्पन्न कराये हैं। कोई समस्या हो तो तत्काल बतायें। निराकरण कराया जाएगा। बरसात को देखते हुए पैनी नजर से सोमवार को खासी भीड़ रहेगी। सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी तथा पुलिस बल को जो दायित्व दिये गये हैं, उन्हें जिम्मेदारी से निभायें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक माह अमावस्या मेला सम्पन्न कराते हैं।

प्रत्येक वर्ष कानून व्यवस्था, पर्यटन, तीर्थाटन दिनचर्या में है। ये सोचकर न रहें कि प्रत्येक मेला माह में कराते हैं। जिस प्लेटफार्म पर तैनात हैं, मुस्तैदी से ड्यूटी करें। आस्था के साथ श्रद्धालुओं को स्नान व दर्शन करायें। कल से श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। भीड़ बढ़ सकती है, अधिकारी-पुलिस बल आज से ही ड्यूटी पर तैनात रहकर मेला को सम्पन्न करायें। जिनकी ड्यूटी रूट पर है, वह पैनी नजर से आवागमन संचालित करायें। परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर आवारा पशु न घूमने पायें। 13 सेक्टर में मेला बांटा गया है। सभी जोन व सेक्टर में मजिस्ट्रेट समेत पुलिस अधिकारी तैनात हैं।

इस मौके पर एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल समेत जोनल, सेक्टर, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



मातहतों को निर्देश देते डीएम-एसपी।

## एआरटीओ कार्यालय में आज लगेगा फिटनेस शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र परिवहन आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर यात्रीकर/मालकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बिना फिटनेस चल रहे स्कूली वाहनों व यात्री वाहनों की फिटनेस को विशेष शिविर रविवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में होगा।

शनिवार को उन्होंने सभी स्कूल वाहन स्वामियों व बस स्वामियों से कहा है कि अपने वाहन को मानक अनुसार ठीक कराकर रविवार चार अगस्त को विशेष स्कूल बस व बस फिटनेस शिविर में पेश कर फिटनेस करायें। विशेष शिविर में फिटनेस को स्लॉट बुक करने की जरूरत नहीं है। फिटनेस को कार्यालय में फीस जमा की जायेगी। अन्यथा नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये वाहन स्वामी जिम्मेदार होंगे।

### जडीबूटी दिवस बतौर मनेगा आचार्य का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के बतौर चार अगस्त को मनाया जायेगा। इस मौके पर अनेकों जड़ी-बूटियां स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बांटी जायेंगी। ये जानकारी महिला पतंजलि योग समिति की मंजू केशरवानी ने दी है।

## तुलसी जन्म महोत्सव रामायण पाठ से शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि में जारी तुलसी जन्म महोत्सव में श्रीरामचरितमानस नवान्हपारायण पाठ वाद्य यंत्रों के साथ शुरू हुआ। पहले दिन गणपति, शिवशंकर, विष्णु, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की वंदना से गोस्वामी तुलसीदास रामचरितमानस की पूजा - अर्चना के बाद तुलसी जन्मकुटीर में शुरू हुई। पूरे नगर में लाउड स्पीकरों से मानस चौपाई गूंज रही हैं।

शनिवार को तुलसी जन्मकुटीर परिसर में श्रीरामचरितमानस नवान्हपारायण पाठ का शुभारंभ वृन्दावन के संत रामदास जी महाराज व सन्त-महात्माओं तथा श्रद्धालु नर-नारियों ने मानस की चौपाई पढ़ी। पहले दिन भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं व भगवान शिवशंकर की स्तुति हुई। क्षेत्र के नर-नारी घरों से रामचरितमानस ग्रन्थ लेकर श्रद्धा पूर्वक पाठ कर रहे हैं। सन्त रामदास महाराज ने बताया कि श्रीरामचरितमानस सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जिस घर में रामचरितमानस पढ़ा जाता है, उस घर में दरिद्रता व कुमति नहीं आती। रामचरितमानस बुराइयां छोड़कर भक्तिपूर्ण जीवनयापन करना व भौतिक सुखों की जगह कम साधनों को अपनाना सिखाती है। संत रामदास ने कहा कि चार वेद षट् शास्त्रों व रामायण का महत्व देवनागरी लिपि संस्कृत में होने से आम जनमानस में प्रचालित नहीं है, लेकिन रामचरितमानस ऐसा ग्रंथ है। जिसे हिंदी भाषा में लिपिबद्ध होने से आम जनमानस के मानस में समाहित है। नगर पंचायत ने साफ-सफाई, रोशनी की व्यवस्थायें की हैं। सुरक्षा को पुलिस बल मौजूद है।



तुलसी जन्मोत्सव पर रामायण का पाठ पढते श्रद्धालु।

## श्रीकृष्ण की लीला कहानी नहीं, जीवन जीने की है कला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण बाल उत्सव, गोवर्द्धन पूजा कथा सुनाई। भजन संगीत सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध रहे।

शनिवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीला केवल कहानी नहीं, जीवन जीने की कला है। भगवान की हर लीला में अध्यात्म छिपा है। मिट्टी खाकर भगवान ने मिट्टी तत्व को शुद्ध किया। अग्निपान कर अग्नि तत्व को शुद्ध किया। काली नाग को नाथ कर जल तत्व को शुद्ध किया। जल ही जीवन है, ये सूत्र भगवान ने दिया। प्रकृति की सुरक्षा गोवर्धन पूजा की कहानी से सीखा जा सकता है। पर्यावरण सुरक्षित है तो संसार सुरक्षित है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान ने बाललीला में गौ संवर्धन का काम किया। बालक के 16 संस्कार होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को मधुरास्तक बेहद प्रिय है। भगवान के पर्दा खोलने व बंद करने के पहले मधुरास्तक कहना चाहिए। बच्चे के जन्म के छठवें दिन भाग्य लिखा जाता है। माता-पिता को इस दिन प्रार्थना करना चाहिए कि बालक का भविष्य अच्छा हो। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पूर्व योग माया ने कंस की छाती में लात मारकर कह गई कि तुम्हे मारने वाला पैदा हो गया है। कंस ने पूतना को भेजकर कहा कि जो इस समय बच्चे पैदा हुए, सबको मारकर आओ। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, राष्ट्रीय रामायण मेला कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, पवन करवरिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय करवरिया, वेदरतन करवरिया, राजेश भारद्वाज, अमरनाथ द्विवेदी आदि श्रोता मौजूद रहे।



कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य।

## दहेज हत्या में पति को 20 साल की सजा

### सास-ससुर को भी हुई 12-12 साल कैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दहेज मृत्यु के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। मृतका के सास-ससुर को 12-12 वर्ष की सजा सुनाई है। शनिवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि कौशाम्बी जिले के पश्चिम शरीरा थाने के बरोली गांव के गुलाब पुत्र पियारे ने पहाडी थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि पौत्री पूनम पुत्री रामू की शादी 30 जनवरी 2019 को पहाड़ी थाने के रमयापुर गांव के अजय कनौजिया के साथ की थी। पर्याप्त दान-दहेज दिया था। शादी बाद से पूनम के ससुरालीजन चारपहिया गाड़ी की मांग लेकर उत्पीड़न करते थे। पूनम को एक बच्चा भी हुआ। दहेज मांग पूरी न होने पर पूनम को 20-21 अक्टूबर 2021 को रमयापुर में फांसी का फंदा लगाकर मार दिया। घटना के जानकारी पर मायके से सभी लोग रमयापुर पहुंचे। पूनम का शव जमीन पर पड़ा था। गले में रस्सी का निशान था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर न्यायालय में आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने फैसला सुनाया। दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति अजय कनौजिया को 20 वर्ष की सजा सुनाई। दस हजार रूपये का जुर्माना किया। मृतका के ससुर नन्हा व सास रनुईया को 12-12 वर्ष की सजा समेत जुर्माना से दंडित किया।

## हादसा आरोपी को हुआ जुर्माना


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार संजीव कुमार की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को 18 सौ रुपये का जुर्माना किया है। शनिवार को सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने थाना राजापुर में दर्ज हादसे के आरोपी जयप्रकाश सिंह पुत्र नन्दकिशोर सिंह कालिन्दी पुरम राजरुपपुर प्रयागराज हाल पता अर्जुनपुर खण्डेहा को 18 सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

### करंट से युवक की मौत

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के चक अलैया गांव के लवलेश पुत्र सुखलाल की बिजली करंट के चपेट में आने से मृत्यु हो गई। परिजन उसे सीएचसी मऊ लाये। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## फिलीपींस में 6.8 तीव्रता का भूकंप, लगे तेज झटके



**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में आज तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.8 दर्ज की गई। फिलहाल सुनामी की किसी भी तरह की चेतावनी जारी नहीं की गई है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी का कहना है कि भूकंप के कारण किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि फिलीपींस में नियमित रूप से भूकंप आते रहते हैं।

फिलीपींस के समाचार पत्र द मनीला टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप का केंद्र सुरीगाओ डेल सुर रहा। सुबह 6:22 बजे लिंगिग, हिनाटुआन और सुरिगाओ डेल सूर के बिस्लीग शहर में तीव्र झटके महसूस किए गए। इसके अलावा कैटेल, दावाओ ओरिएंटल के पास भी झटके महसूस किए गए मगर यहां भूकंप की तीव्रता 5 रही।

द मनीला टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा आज सारे देश में बारिश होने का पूवार्नुमान जारी किया गया है। फिलीपीन वायुमंडलीय, भू-भौतिकी और खगोलीय सेवा प्रशासन ने दक्षिण-पश्चिम मानसून सबसे ज्यादा पश्चिमी विसायस, मिंडानाओ और पलावन के क्षेत्रों को प्रभावित करेगा।पश्चिमी विसायस, नीग्रोस द्वीप क्षेत्र, जाम्बोआंगा प्रायद्वीप और पलावन में गरज के साथ बरसात होगी। आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है। मनीला और देश के बाकी हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## बांग्लादेश में फिर से विरोध-प्रदर्शन शुरू, हिंसा में मरने वाले 200 लोगों के लिए मांग रहे इंसाफ




**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में शुक्रवार को एकबार फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। यह विरोध प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ है। यह विरोध प्रदर्शन देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसात्मक घटना बढ़ने और 200 से अधिक लोगों की मौत के बाद थमा था। फिर से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन हाल की घटना में मारे गए लोगों के इंसाफ की मांग को लेकर किया जा रहा है।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में दो हजार से अधिक प्रदर्शनकारी एकत्र हुए, जिनमें से कुछ लोग ह्यह्यतानाशाह मुदार्बादह्लह्ल और पीड़ितों के लिए इंसाफ के नारे लगा रहे थे, जबकि पुलिस अधिकारी उनके चारों ओर घेरा बनाकर खड़े थे। ढाका के उत्तरा इलाके में पुलिस और दर्जनों छात्रों के बीच झड़प हुई, जबकि सुरक्षा अधिकारियों ने पत्थरबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और स्टन ग्रेनेड दागे।

प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार पिछले महीने से छात्रों के प्रदर्शनों का सामना कर रही है और फिलहाल इन प्रदर्शनों के मंद पड़ने का कोई संकेत नहीं है।

इससे पहले 15 जुलाई को हिंसा भड़कने के बाद से, शेख हसीना के लिए विरोध-प्रदर्शन बड़ा संकट बन गया है। हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के लिए अधिकारियों ने इंटरनेट बंद कर दिया है और देखते ही गोली मारने का आदेश देते हुए कर्फ्यू लगा दिया है। स्कूल और विश्वविद्यालय बंद हैं।

## सोमालिया: होटल पर हमला, 32 लोग मारे गए, आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली जिम्मेदारी



**मोगादिशु (सोमालिया)** : सोमालिया में पुलिस ने शनिवार को बताया कि राजधानी मोगादिशु में एक समुद्र तट होटल पर कल शाम हुए हमले में 32 लोग मारे गए और 63 अन्य घायल हो गए. पुलिस प्रवक्ता मेजर अब्दिफतह अदन हस्सा ने पत्रकारों को बताया कि हमले में एक सैनिक मारा गया तथा शेष नागरिक थे. उन्होंने बताया कि हमले में एक अन्य सैनिक भी घायल हुआ है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद गोलीबारी हुई. वहीं अल-कायदा के पूर्वी अफ्रीका सहयोगी अल-शबाब ने अपने रेडियो के माध्यम से कहा कि उसके लड़ाकों ने यह हमला किया. मोगादिशु का एक लोकप्रिय क्षेत्र लीडो बीच शुक्रवार की रात को काफी व्यस्त रहता है, क्योंकि सोमालियाई लोग अपने सप्ताहांत का आनंद लेते हैं. मोआलिम ने बताया कि होटल में उसके साथ मौजूद कुछ सहयोगी भी मारे गए और अन्य घायल हो गए. एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अब्दिसलाम एडम ने एसोसिएटिड प्रेस को बताया कि उन्होंने कई लोगों को जमीन पर बेसुध पड़े देखा और कुछ घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की. लिडो तट को पहले भी अल-शबाब से जुड़े आतंकवादियों ने निशाना बनाया था ।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## टोक्यो के पास अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं




टोक्यो, 03 अगस्त

(जापान की राजधानी टोक्यो के पास एक अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अभी तक किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। जापान के एएनएन न्यूज चैनल पर प्रसारित इस हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वीडियो फुटेज को प्रमुख समाचार पत्र द जापान टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में अपलोड किया है।

द जापान टाइम्स का कहना है कि इस वीडियो फुटेज के अनुसार एक अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर ने शनिवार सुबह कानागावा प्रान्त के एबिना में चावल के खेत में आपातकालीन लैंडिंग की। स्थानीय अग्निशमन विभाग का हवाला देते हुए कहा गया कि लैंडिंग में कोई घायल नहीं हुआ। हेलिकॉप्टर ने दोपहर करीब 12:40 बजे अमेरिकी सेना के अत्सुगी एयर बेस के लिए उड़ान भरी। अधिकारी दुर्घटना की जांच कर रहे हैं। यह साफ नहीं हो पाया है कि आपातकालीन लैंडिंग की वजह क्या है लेकिन विमान से धुआं या आग की लपटें नहीं देखी गईं।

जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार पुलिस को सुबह लगभग 10:55 बजे एक आपातकालीन कॉल मिली, जिसमें कहा गया कि नेवी लेबल वाला एक हेलीकॉप्टर कानागावा प्रान्त के एबिना में मैदान पर उतरा है। यह स्थान अत्सुगी में अमेरिकी बेस से ज्यादा दूर नहीं है। अग्निशमन विभाग के अनुसार 12 लोगों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर को रास्ते में इंजन में समस्या का सामना करना पड़ा।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने एसिड अटैक पर आधारित फिल्म को अपनी आवाज में की डबिंग



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एसिड अटैक पर आधारित एक फिल्म को अपनी आवाज में डबिंग की है। फिल्म में प्रधानमंत्री का किरदार खुद ओली ने निभाया है। अपने अभिनय को अपनी ही आवाज देने की इच्छा प्रकट करने के बाद उनसे डबिंग कराया गया है।

नेपाल में हुए एसिड अटैक संबंधी सत्य घटनाओं पर आधारित नेपाली फीचर फिल्म नमेटिने घाव (कभी ना भरने वाला जख्म) में कुछ सीन के लिए प्रधानमंत्री ओली ने अभिनय किया है। इस फिल्म में प्रधानमंत्री के रूप में ओली द्वारा किए गए अभिनय में उन्होंने अपनी आवाज में डबिंग भी किया है।

इस फिल्म के निर्देशक रमित ढुंगाना ने बताया कि पिछली बार ओली सरकार के समय एसिड अटैक को लेकर सरकार ने कडे. कानून बनाए थे। इसलिए उनकी छोटी सी भूमिका है। ढुंगाना के मुताबिक ओली ने इस फिल्म में अभिनय के लिए खुद ही इच्छा प्रकट की थी और अभी अपने अभिनय को अपनी आवाज देने के लिए भी उनकी तरफ से ही इच्छा प्रकट की गई। फिल्म के निदेशक ढुंगाना ने बताया कि जब प्रधानमंत्री ओली ने खुद इच्छा प्रकट की तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है।

इस फिल्म में बीरगंज की एक 16 साल की मुस्कान खातून नाम की लड़की के चेहरे पर एक लड़के ने अपने प्रेम प्रस्ताव को अस्वीकार कर देने के बाद तेजाब फेंक दिया था। इस घटना के बाद नेपाल सरकार ने पूरे देश में एसिट की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने का कानून बनाया। एसिट अटैक करने वाले व्यक्ति के अपराध को गैरजमानती बना दिया गया। इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति के सम्पूर्ण उपचार का खर्च सरकार के द्वारा किए जाने की व्यवस्था की गई है। यह सब कानून ओली के पिछले कार्यकाल में किया गया था।

## सोमालिया में आत्मघाती हमले में 32 लोगों की मौत, 63 घायल



**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के निकट एक होटल में शुक्रवार रात एक आत्मघाती हमले और गोलीबारी में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 63 लोग घायल हो गए। पुलिस और चश्मदीद लोगों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर ने लीडो बीच पर बम विस्फोट किया, जिसके बाद बंदूकधारी हमलावरों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। यह समुद्र तट व्यापारियों और अन्य लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां पहले भी हमले हो चुके हैं।

पुलिस के अनुसार इनमें से कई घायलों की हालत अत्यंत गंभीर है। वीडियो फुटेज में मोगादिशु के अब्दियाजीज जिले में कई शव और घायल लोग दिखाई दे रहे हैं। चश्मदीद लोगों के मुताबिक वे काफी दहशत में थे, क्योंकि विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाने की कोशिश की जबकि अन्य ने वहां से भागने की कोशिश की।

एक चश्मदीद ने बताया कि उसने समुद्र तट पर घायल लोगों को देखा। लोग दहशत में चिल्ला रहे थे और यह पता लगाना मुश्किल था कि कौन मर चुका है और कौन अभी भी जीवित है। हमले में कम-से-कम पांच लोग शामिल थे, क्योंकि एक हमलावर ने खुद को उड़ा लिया जबकि तीन अन्य मारे गए। पुलिस प्रवक्ता ने मोगादिशु में पत्रकारों को बताया कि एक हमलावर को जिंदा पकड़ लिया गया। स्थानीय मीडिया का कहना है कि यह हमला अल-शबाब आतंकवादियों द्वारा किया गया था, जिन्होंने दक्षिणी और मध्य सोमालिया के बड़े हिस्से को नियंत्रित किया था। यह समूह अल-कायदा से जुड़ा है और सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार के खिलाफ लगभग 20 वर्षों से क्रूर विद्रोह कर रहा है।

चरमपंथी संगठनों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने वाले एसआईटीई खुफिया समूह के अनुसार अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि वे सोमालियाई कर्मचारियों और अधिकारियों को निशाना बना रहे थे। यूएस अफ्रीका कमांड ने पिछले साल कहा था कि अल-शबाब दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सक्रिय अल-कायदा नेटवर्क है। इसे 2008 में अमेरिका द्वारा और 2010 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा आतंकवादी समूह के रूप में नामित किया गया था।

## अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवांवित हूं : कमला हैरिस




**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पार्टी की तरफ से इस अवसर के लिए वे स्वयं को गौरवांवित और रोमांचित महसूस कर रही हैं।

कमला हैरिस ने इस संबंध में एक्स पर जारी एक पोस्ट में लिखा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवान्वित हूं। मैं अगले सप्ताह आधिकारिक रूप से नामांकन स्वीकार करूंगी। यह अभियान लोगों के एक साथ आने, देश के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर, हम जो हैं उसके लिए सर्वश्रेष्ठ संघर्ष करने के बारे में है। वहीं अमेरिका के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई के मैदान में उतरने के लिए कमला हैरिस ने कमर कस ली है। जानकारों के मुताबिक राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित प्रत्याशी के रूप में कमला हैरिस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। समाचारों के मुताबिक कमला ने पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी को अपनी तरफ कर लिया है। वहीं कमला ने चुनाव के लिए एक टीम बनाई है, इस टीम में कमला के करीबियों और जो बाइडन का चुनाव अभियान देख रहे डेलीगेशन को शामिल किया गया है। इन्हें एक ऑपरेशन दिया गया है। इसका मकसद उन लोगों को साधना है जो राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करने वाले थे। टीम में कई अश्वेत महिलाएं हैं जो दशकों से डेमोक्रेटिक राजनीति में शामिल रही हैं।

वहीं टीम 5 नवंबर के चुनाव से पहले तीन महीने के चुनाव अभियान के लिए तैयार हैं। कैलिफोर्निया की अमेरिकी सीनेटर लाफोंजा बटलर ने कमला पर लैंगिक भेदभाव और नस्लवादी हमलों की बौछार का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा, "हम इस तरह की चीजें देखते आ रहे हैं। राजनीति में नए नहीं हैं। सलाहकारों का यह ग्रुप कमला के प्रति काफी वफादार है और उनके करियर के प्रति भावुक है।" उन्होंने कहा, इनमें से कई सलाहकार 2017 में सीनेट में शामिल होने के बाद से ही उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।

वहीं कमला हैरिस के चुनावी मैदान में जाने से पहले उनके परखे हुए लोगों के एक समूह के साथ तैयारी में जुट गई हैं। जिनमें से कई अश्वेत महिलाएं हैं जो दशकों से डेमोक्रेटिक राजनीति में शामिल रही हैं, क्योंकि वह 5 नवंबर के चुनाव से पहले तीन महीने के कठिन अभियान के लिए तैयार हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 2 अगस्त को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन प्राप्त किया, जिससे नवंबर में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ मुकाबले में पार्टी के मानक वाहक के रूप में उनकी उल्लेखनीय वृद्धि की पुष्टि हुई।

हैरिस लगभग 4,000 पार्टी सम्मेलन प्रतिनिधियों के पांच दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक वोट के लिए मतपत्र पर एकमात्र उम्मीदवार थीं। इस महीने के अंत में शिकागो सम्मेलन में उन्हें आधिकारिक रूप से उम्मीदवार बनायाताज पहनाया जाएगा। 59 वर्षीय हैरिस ने मैराथन वोट के दूसरे दिन पर्याप्त वोट हासिल करने के बाद पार्टी समारोह में फोन पर कहा, "मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।" राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अपने पुनर्निर्वाचन अभियान को समाप्त करने के बाद से दो सप्ताह में हैरिस ने पार्टी पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। किसी अन्य डेमोक्रेट ने टिकट के शीर्ष पर उनके उत्थान को चुनौती देने के लिए आगे कदम नहीं बढ़ाया, जिससे किसी प्रमुख पार्टी के नामांकन को सुरक्षित करने वाली पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई महिला के रूप में उनकी पुष्टि एक औपचारिकता बन गई।

## अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में युद्धपोत, लड़ाकू विमानों को भेजने का फैसला लिया, बढ़ा तनाव

**तेल अवीव:** अमेरिका ने अपने दोस्त इजराइल की हिफाजत के लिए बड़ा कदम उठाने का फैसला लिया है. अमेरिका ने अपनी शक्तिशाली युद्धपोतों, बैलेस्टिक मिसाइल और लड़ाकू विमानों को मिडिल-ईस्ट में तैनात करने के आदेश दिया है. इससे मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है. यह कदम ईरान की धमकियों के बाद उठाया गया है. ईरान ने इजराइल को सीधे तौर पर चेतानवी दी है.

अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाकर इजराइल की रक्षा सुनिश्चित करना चाहता है. इसी सिलसिले में रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विमान वाहक पोतों में भी फेरबदल का आदेश दिया है. पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने इस संबंध में जारी बयान में यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि अब्राहम लिंकन स्ट्राइक ग्रुप यूएसएस नामक पोत को थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप पोत की जगह लेने का आदेश दिया गया है. यह वर्तमान में ओमान की खाड़ी में तैनात है.

इस सप्ताह की शुरूआत में तेहरान में हमास के एक वरिष्ठ नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है. इसके लिए वह एक लड़ाकू विमान वाहक हमला समूह, लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त युद्धपोतों को तैनात कर रहा है।

## इजराइल पर ईरान आक्रमण की तैयारी में, अमेरिका चौकन्ना



**तेहरान/वाशिंगटन।** इजराइल के ईरान में घुसकर अपने सबसे कट्टर दुश्मन हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया को मौत के घाट उतारने से समूचे पश्चिम एशिया में तनाव उत्पन्न हो गया है। हानिया की मौत से ईरान तमतमाया हुआ है। वह इजराइल पर बड़े आक्रमण की तैयारी में है। इस घटनाक्रम से अमेरिका चौकन्ना हो गया है।

पेंटागन ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेने के लिए अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को भेजा है। इस युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से सुसज्जित स्ट्राइक ग्रुप को भी पश्चिम एशिया में भेजा है।

अमेरिका ने यह कदम ऐसे वक्त बढ़ाया है, जब ईरान ने इजराइल पर हमले की धमकी दी है। अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप सचिव सबरीना सिंह ने बयान में कहा है, "रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और उसके सहयोगियों के क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके।" उन्होंने कहा, "7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद से रक्षा सचिव ने बार-बार कहा है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपने हितों की सुरक्षा करेगा और साथ ही इजराइल की सुरक्षा का अपना पक्का वादा भी निभाएगा।"

इस बीच, अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बैलिस्टिक मिसाइल से लैस क्रूजर और विध्वंसक जहाज भी यूरोपीय कमांड के अंतर्गत पश्चिम एशिया में भेजने का आदेश दिया है। साथ ही लड़ाकू विमानों के एक स्क्वॉड्रन को रवाना किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों इजराइल के गोलन हाइट्स में हुए हिजबुल्लाह रॉकेट हमले में फुटबॉल खेल रहे 12 इजराइली किशोरों और बच्चों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में इजराइल ने बेरूत में हमला कर हिजबुल्ला के कमांडर फुआद शुकर को ढेर कर दिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान में एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमले में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की मौत हो गई। हानिया की मौत पर ईरान के आक्रामक रुख से हिजबुल्लाह ने भी इजराइल से बदला लेने की तैयारी शुरू कर दी है।

ईरान ने दोटूक कहा है कि वह अपनी धरती पर इस्माइल हानिया की हत्या का बदला इजराइल से जरूर लेगा। दावा किया जा रहा है कि ईरान सीधा हमला कर सकता है। ईरान को लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया और इराक के मिलिशिया और यमन में हूती विद्रोहियों से मदद मिल सकती है। इस साल अप्रैल में भी ईरान, इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमला कर चुका है। हालांकि इन मिसाइलों को रोकने में इजराइल कामयाब रहा था, क्योंकि उसे अमेरिका के साथ जॉर्डन का भी साथ मिला था। यूएई और सऊदी अरब ने इजराइल के खिलाफ उठने वाले ईरान के कदमों भी भनक से अमेरिका को अवगत करा दिया था। ईरान के इजराइल पर हमला करने की वजह भी थी। दरअसल, इजराइल ने सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला करके ईरान के शीर्ष कमांडर को मारा था। तब ईरान ने 300 से ज्यादा मिसाइलें और किलर ड्रोन इजराइल के ऊपर दागे थे।